संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025


# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-124 मंगलवार, 05 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# वकील ने हाईकोर्ट को दे दिया 8 बार धोखा

**मुंबई,04 मार्च 2024 (ए)।** मुंबई पुलिस ने एक बिल्डर के खिलाफ कई मामलों में बॉम्बे हाई कोर्ट और शहर की अन्य अदालतों में सरकारी वकील के रूप में पेश होने के लिए कथित रूप से जाली दस्तावेज बनाने के आरोप में एक वकील के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि बिल्डर संजय पुनमिया की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने रविवार को वकील शेखर जगताप,बिल्डर श्यामसुंदर अग्रवाल,शरद अग्रवाल, किशोर भालेराव, राज्य गृह विभाग के उप सचिव और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 465 (जालसाजी) और अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुनामिया को जुलाई 2021 में मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह और अन्य के खिलाफ दर्ज 15 करोड़ रुपये की जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मरीन ड्राइव मामले में अपनी गिरफ्तारी के बाद, जगताप एक प्राइवेट वकील के रूप में श्यामसुंदर अग्रवाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए 22 जुलाई 2021 को अदालत में पेश हुआ था। एफआईआर के अनुसार, केस की



दूसरी सुनवाई के दौरान, आरोपी वकील ने अदालत के समक्ष एक लेटर पेश किया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि उसे मामले में विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया था। एफआईआर के अनुसार, जगताप ने खुद को विशेष लोक अभियोजक के रूप में पेश किया और हाईकोर्ट में आठ सुनवाई के दौरान पेश हुआ. अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी वकील ने मामले में श्यामसुंदर अग्रवाल और अन्य की मदद करने के लिए जांच में बाधाएं पैदा कीं।


### अदालत और सरकार को दिया धोखा

एफआईआर में कहा गया है कि पुनामिया ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) का इस्तेमाल किया और जगताप को विशेष लोक अभियोजक के रूप में पेश होने के लिए सौंपे गए मामलों के बारे में जानकारी मांगी। गृह विभाग ने अगस्त 2023 में अपने जवाब में कहा कि जगताप को मरीन ड्राइव और मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट-9 में दर्ज दो जबरन वसूली मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया था और उपस्थिति क़िला कोर्ट में इन दो मामलों तक ही सीमित थी. अधिकारी ने कहा कि लेकिन वह सत्र अदालत में उपस्थित हुए और अदालत और सरकार को धोखा दिया.।

### आरोपी वकील ने किया क्या दावा?

उन्होंने कहा कि आरोपी वकील जाली दस्तावेज पेश करके हाईकोर्ट,सेशन कोर्ट और ठाणे जिला अदालत में विशेष लोक अभियोजक के रूप में पेश हुआ और इस तरह राज्य सरकार को धोखा दिया। इस बीच,जगताप ने दावा किया कि संबंधित अधिकारियों ने उन्हें उन मामलों में विशेष लोक अभियोजक के रूप में पेश होने के लिए नियुक्त किया था, जिनमें वह पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि मुझे कानून और न्यायपालिका विभाग से विशेष लोक अभियोजक के रूप में मेरी नियुक्ति की पुष्टि करने वाले पत्र भी मिले है।

# एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मांगा 30 जून तक का समय



**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण जमा करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट से और समय मांगा है। एसबीआई ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण जमा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले एसबीआई को 6 मार्च तक विवरण जमा करने को कहा था।

### बैंक ने कोर्ट में दी ये दलील

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल कर एसबीआई ने दलील दी कि ''प्रत्येक साइलो'' से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक 'साइलो' की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया था, जिसमें ÷प्रत्येक चुनावी बॉन्ड की खरीद की तारीख, बॉन्ड के खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का मूल्य शामिल हो।

### याचिका में कही ये बात

याचिका में कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड को ''डिकोड करना'' और दानकर्ताओं द्वारा दिए गए दान का मिलान करना एक जटिल प्रक्रिया होगी। कोर्ट ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉन्ड योजना को 'असंवैधानिक' करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉन्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।

# ईडी के सवालों का जवाब देने को तैयार हुए केजरीवाल

### 12 मार्च के बाद की मांगी तारीख

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024(ए)।** कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आज पेशी के लिए बुलाया था। सीएम केजरीवाल ने आज भी पेशी पर जाने से इनकार कर दिया है। ईडी ने उनको आठवां समन जारी किया था। इससे पहले केंद्रीय एजेंसी उन्हें सात नोटिस जारी कर चुकी हैं, लेकिन वो किसी ना किसी वजह से उसके सामने पेश



नहीं हुए। साथ ही साथ आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर आरोप लगाती आई है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है।

सीएम केजरीवाल ने ईडी के आठवें समन का जवाब देते हुए कहा कि ईडी का समन गैरकानूनी है, लेकिन फिर भी वह जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी है। साथ ही साथ कहा है कि वह एजेंसी के सवालों का जवाब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देंगे।

इससे पहले सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को गैर जरूरी बताते हुए कहा था कि अगर कोर्ट इस संबंध में आदेश देगी, तभी वो ईडी के सामने पेश होंगे। केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर ईडी ने कोर्ट का भी रुख किया है और कोर्ट ने मुख्यमंत्री को 16 मार्च को अपनी कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में अपनी व्यस्तता के कारण व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने में असमर्थता जाहिर करते हुए कोर्ट की कार्यवाही में भाग नहीं लिया था।ईडी ने आरोप लगाया है कि आप के नेताओं ने 2021-22 की एक्साइज पॉलिसी से संबंधित कुल 100 रुपए करोड़ की रिश्वत ली, जिसे नवंबर 2021 में लागू किया गया था।



# बीजेपी पर छाए संकट के बादल

» **लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के नेता ही दे रहे टेंशन**

» **अब एक और सांसद ने पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह को दे दिया झटका**

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में उथल-पुथल का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है. भाजपा के सामने विपक्षी दल के साथ उनके नेता भी टेंशन का सबब बने हुए हैं। कोई टिकट कटने से नाराज है तो कोई टिकट मिलने के बाद भी चुनाव लड़ने से मना कर दे रहा है। अब एक और सासंद ने पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह की टेंशन बढ़ा दी है। सांसद ने टिकट मिलने के बाद भी चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है।

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के 3 नेता अब तक चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं जबकि, बीजेपी आलाकमान ने उन पर भरोसा जताते हुए टिकट भी दे दी थी। सबसे पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बीजेपी को झटका दिया। उसके बाद गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। अब उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने भी टिकट वापस लौटा दिया है।

जानकारी के अनुसार, इस बीच सोशल मीडिया पर एक अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है. उन्होंने कहा, मैं तब तक चुनाव नहीं लड़ूंगा जब तक निर्दोष साबित नहीं हो जाता। कथित अश्लील वीडियो वायरल होने पर सांसद के प्रतिनिधि दिनेश चंद्र रावत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में वीडियो को फर्जी और एडिटेड बताया गया है। पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

वीडियो वायरल होने के संबंध में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने बयान जारी किया था। उन्होंने काह था कि ये मेरा वीडियो नहीं है। यह फेक वीडियो है, जो एआई पद्धति पर बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। ये 2022 और 2023 के सारे वीडियो है। मुझे बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया है। इससे उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है. मैंने मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के सभास्थल के पास देशी बम बरामद



**कोलकाता,04 मार्च 2024 (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार दोपहर पूर्वी मिदनापुर जिले के तमलुक में एक बैठक को संबोधित करने वाली हैं। इसके पहले भूपतिनगर इलाके से 20 किलोमीटर दूर देशी बम बरामद किए गए। एक खेत में झोपड़ी में बम रखे गए थे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री के किसी भी जिले के दौरे से पहले इलाके की तलाशी ली जाती है। ऐसे ही एक अभ्यास के दौरान पुलिस ने देशी बम बरामद किए। पुलिस ने बमों के अलावा इन्हें जोड़ने के लिए आवश्यक कच्चा माल भी बरामद किया। सूत्रों ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बदमाशों ने इसी झोपड़ी में बम बनाया था। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आम आदमी पार्टी को खाली करना होगा पार्टी का दफ्तर



**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून तक पार्टी को दफ्तर खाली करने का फैसला सुनाया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को यह वक्ते त दिया गया है। आम आदमी पार्टी के खिलाफ शिकायत की गई थी कि उनका दफ्तर राउज एवेन्यू कोर्ट को आवंटित जमीन पर बनाया गया है।कोर्ट ने कहा कि आप नए दफ्तर के लिए सरकार को आवेदन दे सकती है। साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आप के आवेदन पर 4 सप्ताह में फैसला ले।

# वोट के बदले नोट वाले प्रत्याशी जाएंगे जेल

» **सुप्रीम कोर्ट ने 1998 का फैसला पलटा**

» **घूसखोरी में कोई छूट नहीं**

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** वोट के बदले नोट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। सोमवार 4 मार्च, 2024 को कोर्ट ने साल 1998 का फैसला पलटते हुए कहा कि सांसद और विधायकों को छूट नहीं दी जा सकती है। साथ ही कहा कि यह विशेषाधिकार के तहत नहीं आता है। कोर्ट की ओर से इस दौरान कहा गया कि इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि घूस लेने वाले ने घूस देने वाले के मुताबिक वोट दिया



या नहीं। वोट के लिए रिश्वत लेना विधायी काम का हिस्सा नहीं है। विषेधाधिकार सदन के कामकाज से जुड़े विषय के लिए है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 1998 का नरसिंह राव सरकार का फैसला पलट दिया। मामले में चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 7 जजों की बेंच का यह साझा फैसला है। इस फैसले का सीधा असर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झ्रूरू) की सीता सोरेन पर पड़ेगा। उन्होंने विधायक रहते रिश्वत लेकर 2012 के राज्यसभा चुनाव में वोट डालने के मामले में राहत की मांग की थी।

सांसदों को अनुच्छेद 105(2) और विधायकों को 194(2) के तहत सदन के अंदर की गतिविधि के लिए मुकदमे से छूट मिली है। कोर्ट ने साफ किया कि रिश्वत लेने के मामले में यह छूट नहीं मिल सकती है।

## इसरो प्रमुख एस सोमनाथ का बड़ा खुलासा

# कैंसर से हैं पीड़ित,पूरा देश हैरान



**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चीफ एस सोमनाथ कैंसर से पीड़ित हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुद उन्होंने ही इस गंभीर बीमारी का खुलासा किया है। उन्होंने जानकारी दी है कि आदित्य एल-1 मिशन की लॉन्चिंग के दौरान ही उन्हें कैंसर के बारे में पता लग गया था। इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन के दौरान ही उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं होने लगी थीं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में इंटरव्यू के हवाले से बताया गया कि सोमनाथ को आगे हुए स्कैन से बीमारी के बढ़ने के बारे में पता चला था। इसरो चीफ का कहना है, कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां चंद्रयान-3 के लॉन्चिंग के समय थी। हालांकि, तब तक इसके बारे में स्थिति साफ नहीं थी। कुछ भी तब पता नहीं था।


# पांचवें दिन की छापेमारी में 100 करोड़ की टेक्स चोरी का खुलासा

» **5 हीरे की घड़ी, 60 करोड़ की कारें,**

» **करोड़ों की टैक्स चोरी,**

» **छापेमारी में नोट ही नोट**

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** आयकर विभाग ने बंशीधर टोबैको कंपनी के कानपुर स्थित हेड ऑफिस पर छापा मारा है। तंबाकू कंपनी के दिल्ली, मुंबई और गुजरात समेत करीब 20 ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है। 29 फरवरी से शुरू हुई छापेमारी का आज 4 मार्च को पांचवां दिन है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा किया है। अब यह रकम और बढ़ सकती है। आयकर विभाग ने गोपनीय दस्तावेज, पासवर्ड संरक्षित हार्ड डिस्क और लैपटॉप भी जब्त किए



हैं जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। 5 करोड़ रुपये की नकदी भी जब्त की गई है। इसके अलावा आयकर विभाग की टीम ने एक तंबाकू विक्रेता के बेटे के दिल्ली स्थित घर से 12 करोड़ रुपये कीमत की पांच हीरे की घड़ियां जब्त की हैं। इससे पहले 60 करोड़ से ज्यादा कीमत की कई कारें मिल चुकी हैं। कंपनी पर आरोप है कि उसने आयकर विभाग के सामने 20-25 करोड़ रुपये का टर्नओवर दिखाया, लेकिन असल टर्नओवर 100-150 करोड़ रुपये के आसपास है। कंपनी के मालिक केके मिश्रा से आयकर विभाग की टीम दस्तावेजों के साथ पूछताछ कर रही है। हालांकि मिश्रा खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर सवालों से बचते रहे। बताया गया कि हाल ही में उनकी लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी।

सूत्रों के मुताबिक बंशीधर कंपनी से ब्लैक में कच्चा माल खरीदने वाले एक बड़े पान मसाला ग्रुप पर भी आयकर विभाग की नजर है। उनके खिलाफ जल्द ही जांच भी शुरू की जा सकती है। फिलहाल दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर और आंध्र प्रदेश में बंशीधर तंबाकू कंपनी के ठिकानों पर छापेमारी पांचवें दिन शाम तक जारी रहने की संभावना है।

कार्रवाई के दौरान कंपनी के मालिक केके मिश्रा के बेटे शिवम के पास लग्जरी गाड़ियों का जत्था मिला। इसमें लेम्बोर्गिनी और फेरारी जैसी कारें शामिल हैं। मिश्रा के दिल्ली स्थित घर से 16 करोड़ रुपये की रोल्स रॉयस फैंटम कार भी मिली है। तंबाकू निर्माता की 16 करोड़ रुपये की रोल्स रॉयस और अन्य लग्जरी गाड़ियों की तस्वीरें वायरल होने के बाद गाड़ियों पर लिखे नंबरों ने सभी का ध्यान खींचा। सभी वाहनों का नंबर 4018 है।

# दिल्ली सरकार महिलाओं को हर माह देगी 1000 रुपए

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024 (ए)।** बजट में केजरीवाल सरकार की बड़ी घोषणा की है। 18 साल से ऊपर की हर महिला को अरविंद केजरीवाल सरकार 1000 रुपये देगी. दिल्ली सरकार ने हर महीने हर व्यस्क महिला को ₹1000 देने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना में 2000 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान किया है।



इस योजना का लाभ पाने के लिए महिला लाभार्थी को दिल्ली का वोटर होना अनिवार्य है। अगर कोई महिला इनकम टैक्स देती होंगी या किसी पेंशन योजना की लाभार्थी होंगी या सरकारी कर्मचारी होंगी तो वह इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगी।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बार दिल्ली का बजट घट गया है। पिछले साल 78,800 करोड़ का बजट पास हुआ था। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने पिछले 10 साल में 2014 से 2024 के बीच अपने जीवन में बहुत बदलाव देखें हैं। इसमें वित्त मंत्री ने महिलाओं को लेकर बड़ी घोषणा की है। केजरीवाल सरकार दिल्ली में 18 साल से ऊपर की महिला को हर महीने 1000 रुपये देगी। यह राशि मुख्यमंत्री सम्मान योजना के तहत दी जाएगी।

केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य का बजट 8685 करोड़ रखा है। 6215 करोड़ रुपये दिल्ली के अस्पतालों के रखरखाव और सुविधाओं के लिए रखे गए हैं। वहीं, 212 करोड़ रुपये मोहल्ला क्लिनकि में खर्च किये जाएंगे।

आतिशी ने ऐलान किया कि दिल्ली में 2025 तक 80 प्रतिशत ई-बसों सहित 10,000 से अधिक सार्वजनिक परिवहन बसें होंगी। वित्त मंत्री आतिशी का कहना है कि दिल्ली के बजट 2024-25 में राष्ट्रीय राजधानी में अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए 902 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

### गैंगस्टर की दिनदहाड़े हत्या से इलाके में फैली दहशत

**चंडीगढ़,04 मार्च 2024 (ए)।** पंजाब में बीते कुछ समय से गैंगस्टरों का आतंक जारी है। मोहाली में पिछले दिनों सिद्धू मूसेवाला के करीबी गीतकार बंटी बैंस पर हमला हुआ था। अब दिनदहाड़े गैंगवॉर हुई है, जिसमें जम्मू के एक गैंगस्टर की मौत हो गई। मृतक गैंगस्टर की पहचान जम्मू के रहने वाले राजेश डोगरा उर्फ मोहन के रूप में हुई है। पंजाब पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी है। जम्मू पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। सरेआम हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई। पुलिस ने गैंगस्टर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमोर्टम के लिए मोहाली के सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मॉल को घेरकर तलाशी शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# काशी विश्वनाथ मंदिर 36 घंटे खुला रहेगा

**वाराणसी,04 मार्च 2024 (ए)।** महाशिवरात्रि पर होने वाली मंगल आरती के बाद वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर 36 घंटे खुला रहेगा। मंदिर पदाधिकारियों ने त्योहार के मौके पर 10 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है, जिसे ध्यान में रखते हुए गर्भगृह को दर्शन के लिए खोले रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रबंधन ने भीड़ को नियंत्रित करने का पूरा प्रबंध भी कर लिया है।मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा, श्रद्धालु चार कतारों में मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। वे 9 मार्च सुबह 11 बजे तक झरोखा दर्शन कर सकेंगे।



इस अवधि में स्पर्श-दर्शन (शिवलिंग को छूकर प्रार्थना करना) की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी।उन्होंने कहा, इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए वीआईपी टिकट की सुविधा नहीं रहेगी और आम श्रद्धालुओं को किसी वीआईपी दर्शन की वजह से परेशान नहीं किया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के नवीनीकरण और प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसंबर 2021 को इसका उद्घाटन किए जाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी दर्ज की गई है। आमतौर पर यहां नव वर्ष, महाशिवरात्रि और श्रावण के माह में अधिक श्रद्धालु आते हैं।

## संपादकीय

### केंद्रीय मंत्री चुनाव हारे तो क्या होगा ?

कई केंद्रीय मंत्री लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले है। जिन मंत्रियों का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है और दोबारा टिकट नहीं मिली है उनका तो लोकसभा चुनाव लड़ना तय है। ऐसे पांच मंत्री हैं। धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया, पुरुषोत्तम रूपाला और नारायण राणे। इनके अलावा कुछ और मंत्री हैं, जिनका राज्यसभा का कार्यकाल अभी पूरा नहीं हुआ है लेकिन उनको भी लोकसभा का चुनाव लड़ाने की चर्चा है।पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, हरदीप पुरी, राजीव चंद्रशेखर आदि के बारे में चर्चा है कि इनको इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ने को कहा जा सकता है। निर्मला सीतारमण, जयशंकर और राजीव चंद्रशेखर के लिए दक्षिण के ऐसे राज्यों में सीट तलाशी जा रही है, जहां भाजपा पिछली बार खाता नहीं खोल पाई थी।सोचें, अगर ये बड़े नेता लोकसभा का चुनाव हार गए तो क्या होगा? वैसे लोकसभा का चुनाव हारने वाले नेताओं को मंत्री बनाने का चलन रहा है। 2014 में तो अरुण जेटली के हारने पर नरेंद्र मोदी ने उनको वित्त व रक्षा मंत्री एक साथ बनाया था और स्मृति ईरानी को हारने के बावजूद देश का शिक्षा मंत्री बनाया था। दूसरी बार भी हरदीप पुरी हार कर केंद्र में मंत्री बने। लेकिन शायद इस बार ऐसा न हो। कई बार राज्यसभा सांसद रहने के बाद पहली बार चुनाव लड़ने वाले नेता अगर हारते हैं तो उनको संगठन में भेजा जा सकता है।तभी ये नेता या तो चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं या सुरक्षित सीट की तलाश कर रहे हैं। सुरक्षित सीट की तलाश की योजना के तहत ही यह खबर मीडिया में लीक की गई थी कि निर्मला सीतारमण और जयशंकर दोनों कर्नाटक से चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन बाद में प्रहलाद जोशी ने खंडन किया कि उन्होंने ऐसी कई बात नहीं कही है। अब दोनों के केरल या तमिलनाडु से लडने् की चर्चा है।

# इलेक्टरल बॉन्ड को गैर कानूनी घोषित किया गया

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है उसने राजनैतिक दलों को इलेक्टरल बॉंड से मिलने वाले चंदे को गैर कानूनी करार दिया है । असल में अनेक कम्पनियां सत्तारुढ़ दल को चन्दा तो देना चाहती है (और बदले में अपने लिए कुछ विशेष रियायतें चाहती हैं) परन्तु वह अपना नाम गोपनीय रखना चाहती है । प्रायः तो सत्तारुढ़ दल को ही सबसे ज्यादा चन्दा मिलता है (सन् 2017-18 के वित्तीय वर्ष में तत्कालीन केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली इस स्कीम को लाये थे । इसके अन्तर्गत स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया साल में चार बार कुछ दिनों तक इलेक्टोरल बॉण्ड बेच सकती है । यह भी केवल कुछ ही निर्धारित शाखाओं पर । इस स्कीम के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इन बॉण्डों को खरीद सकती है और फिर उसे किसी पार्टी को दे सकती है । स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को तो मालूम रहता है कि बॉण्ड किसने खरीदा है, परन्तु राजनैतिक दल जिसे यह प्राप्त होता है, वह नहीं जानता कि यह दान किसने दिया है । यूं अनौपचारिक रूप से कहा जाता है कि वह व्यापारिक कम्पनी सत्तारुढ़ दल को बतला देती है कि वह इतनी राशि का इलेक्टोरल बॉण्ड दे रही है । इससे वह जो तथाकथित लाभ जाती है उसका रास्ता खुला रहता है । वे तो कोई और राजनैतिक दल या कोई व्यक्ति या इलेक्शन कमीशन को कुछ भी मालूम होता था । अभी तक नगद चंदा मात्र बीस हजार रुपये ही दिया जा सकता है । कोई चाहे तो चेक से भी दान दे सकता है, तब सबको पता चल जाता है कि कौन किस पार्टी को कितना चन्दा दे रहा है । इलेक्टोरल बॉण्ड से गोपनीयता बनी रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गुप्त चंदा वोटर से विश्वासघात है । आदेश में कहा गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया अब तक




जारी सभी इलेक्टोरल बॉण्ड किसने कब, कितने के खरीदे इसका विवरण तीन हफ्ते में इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन उसे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करें (यह स्कीम लाते समय केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी कानून और इनकम टेक्स आदि के नियमों में भी बदलाव किया था । सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की खूब खिचाई की है । पहले घाटे वाली कंपनियां चंदा नहीं दे सकती थी । इस स्कीम में किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा (सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों से ज्ञात होता है कि अब तक 16,000 करोड़ के बॉण्ड खरीदे गए हैं जिसमें से 6566 करोड़ रुपये का चन्दा भाजपा को मिला है । जनवरी 2024 तक 16518 करोड़ ग्यारह लाख रुपये के बॉण्ड बिके हैं । कहते हैं राजनैतिक दलों को जो चंदा मिला है उसमें आधे से ज्यादा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है, किसी-किसी क्षेत्रीय दल को तो 90% तक चंदा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है ।भाजपा को कुल चंदे का आधा हिस्सा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है । आर.बी.आई. के नियमों में भी बदलाव किया गया ।अब यह सारी सूचना वेबसाइट पर आ जायेगी तो पता चल जायेगा कि किस पार्टी को किस कम्पनी ने पैसा दिया है । विपक्ष का आरोप है कि अब यह खुलासा हो जायेगा कि अडानी के ग्रुप ने कितना पैसा भाजपा को दिया है ?। वहीं विपक्ष को डर है कि अब यह पता चल जायेगा कि भाजपा को नीचा दिखलाने के लिए किस कम्पनी ने पैसा दिया है । कुल मिलाकर यह वोटर की बड़ी जीत है और भारत के प्रजातंत्र की रक्षा सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है और सत्तारुढ़ दल या विपक्ष देश में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए मात्र घड़ियाली आंसू बहाते हैं ।

-अजय दीक्षित-

# देश के सबसे भयाकुल नस्ल के पावरफुल लोगों की सूची जारी हुई

एक अंग्रेजी के अखबार ने देश के एक सौ सबसे पावरफुल लोगों की सूची जारी की है। यह सूची हर साल आती है और हर साल लगभग एक जैसे चेहरे होते हैं। उन्हीं की रैकिंग में थोड़ा ऊपर नीचे होता है। इस रैंकिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर होते हैं और उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आदि के नाम शीर्ष 10 में होते हैं।उसके बाद इस सूची में अन्य केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुख, मुख्यमंत्री, कांग्रेस के कुछ



नेता, फिल्म अभिनेता, कारोबारी, बैंकर और खेल आदिसे जुड़े लोग होते हैं।नस्ल के इन कथित पावरफुल लोगों के चेहरे देखते हुए महाभारत की मूल कहानी में क्षेपक के तौर पर कही जाने वाली एक कहानी का ध्यान आता है। सबको पता है कि युद्ध शुरू होने से पहले भगवान कृष्ण ने बरबरी का सिर काट कर एक ऊंची जगह पर टांग दिया था, जहां से वह युद्ध देख रहा था। 18 दिन का युद्ध खत्म होने के बाद कृष्ण ने बरबरी से युद्ध के बारे में पूछा तो उसने कहा- भगवन मुझे तो दोनों तरफ से आप ही लड़ते दिख रहे थे।उसी तरह का मामला इस सूची का भी है। सभी सौ लोगों में एक ही चेहरा दिखता है और वह चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। जैसे सौरमंडल में ऊर्जा का स्रोत सिर्फ सूर्य है और बाकी सारे ग्रह उसकी रोशनी से चमकते हैं वैसे ही देश में शक्ति का एकमात्र स्रोत नरेंद्र मोदी हैं और बाकी लोगों के पास आभासी ताकत है। सब उनकी शक्ति से ताकत पाते हैं।सोचें, जो दूसरे की रोशनी से चमकते हों या दूसरे की शक्ति से ताकत पाते हों उनको कैसे पावरफुल माना जाएगा? पर यह दिल्ली तख्त का स्थाई इतिहास सत्य है। अकबर के यहां मानसिंह, कथित नवरत्न आदि हुआ करते थे मगर वे असलियत में क्या गुलाम नहीं थे सो 2024 के पावरफुल चेहरों की सूची का भी लब्बोलुआब है कि एक से सौ तक नरेंद्र मोदी हैं। वैसे ही जैसे एक समय हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए कहा जाता था कि एक से 10 तक अमिताभ बच्चन हैं और नंबर दो की गिनती 11 से होती है। उसी तरह नंबर दो पावरफुल व्यक्ति 101वां व्यक्ति होगा। एक से सौ तक मोदी हैं या उनका सिस्टम है। तभी हैरानी की बात है कि उनके सिस्टम के जो असली पावरफुल लोग है उनका नाम ऐसी सूचियों में नहीं आता है।मीडिया के लोगों को सूची बनाते समय कम से कम मीडिया को नचाने वाले हीरेन जोशी का नाम तो एकदम शुरू में रखना चाहिए। आखिर वे ही रोज सुबह दिन भर चलने वाली सुर्खियां तय करते है। वे देश के सुपर संपादक हैं। भगवान की बुद्धी है। प्रधानमंत्री कार्यालय के और अधिकारी, गुजरात से चले आ रहे उन चेहरों, उन लोगों को भी पॉवरफुर में रखना चाहिए जिनसे एक्सेस होती है।जो नरेंद्र मोदी का रोजाना प्रवचन बनाते है। राज्यों में गठबंधन बदलवा रहे हैं या सीटों के बंटवारों पर सहयोगी दलों से बात कर रहे हैं। या प्रोजेक्ट भगवान के कर्ता-धर्ता है।सोचे, क्या तुके है प्रधानमंत्री कार्यालय से आने वाले आदेश का पालन करने वाले मंत्रियों को पावरफुल बताने की। सोशल मीडिया में यह मजाक चल रहा है कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री की माला से बाहर निकाल दिया गया वे भी पावरफुल लोगों की सूची में हैं!गौरतलब है कि दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा रहा था तब बड़ी माला में राजनाथ सिंह भी थे लेकिन उनको तुरंत ही अहसास हुआ और वे खुद ही माला से बाहर निकल गए। एक हाथ से माला पकड़े रहे। दूसरी ओर जेपी नड्डा ने माला में घुसने की कोशिश की तो अमित शाह ने माला नीचे कर दी और नड्डा बाहर छूट गए। फिर भी वे सबसे पावरफुल लोगों की सूची में हैं।

-हरिशंकर व्यास-

## इंटरनेट-टेक्नोलॉजी वैश्विक आतंकवादियों के बडे अस्त्र-शस्त्र

वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक,ग्रेनेटो,रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे। अब समय के परिवर्तन के साथ साथ आतंकवाद में अब इंटरनेट, मीडिया, सोशल मीडिया ने अपने पैर फैलाना शुरू किए हैं। आतंकवाद के नेटवर्क के लिए इंटरनेट तथा हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का आसानी से उपयोग करने लगे हैं। अमेरिका में जो ट्विन टावर और पेंटागन में हमले हुए थे, उसमें आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लक्ष्य भेदी विमानों को को भेजा गया था और एक बड़ी विध्वंसकारी घटना को अंजाम दिया गया था। समय और तकनीकी शिक्षा के बढ़ने के साथ-साथ अब उग्रवादी तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर बड़े इंजीनियर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर इस मैदान में आतंकवादियों के साथ टूट पड़े हैं। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स बड़े ही खतरनाक ढंग से सोशल मीडिया और इंटरनेट का इस्तेमाल कर जनता को दिग्भ्रमित कर झूठी अफवाहें फैलाकर कई देशों के सूचना तंत्र में सेंध लगाकर वहां की सूचनाएं प्राप्त कर अपने उग्रवादी साथियों को भेज कर खुफिया सूचनाएं भेजते हैं। आतंकवादी गतिविधियों के लिए यह सूचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। और देशों की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा भी होती हैं। भारत के परिपेक्ष में भारत में बाहर के टेक्निकल शिक्षा प्राप्त किए आतंकवादी जिन्हे व्हाइट कॉलर आतंकवादी भी कहा जाता है। खुफिया तंत्र के हिसाब से यह तकनीकी स्लीपर सेल्स शांति के लिए अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक होते हैं। क्योंकि इनकी पहचान नहीं हो पाती है। ये छुपे हुए होते हैं। इनका पता लगाना अन्य आतंकवादियों से ज्यादा कठिन होता है और केवल तकनीकी जानकारी के आधार पर ही संभव हो पाता है। यह टेक्नोक्रेट स्लीपर सेल्स इसलिए भी ज्यादा विनाशकारी होते हैं, क्योंकि यह दूर ठिकानों में बैठकर मीडिया, सोशल मीडिया, इंटरनेट के जरिए युवाओं को उकसा कर, भड़का कर सांप्रदायिक दंगे कराने में सफल हो जाते हैं। या सोशल मीडिया में झूठी तथा गलत खबरों के जरिए युवाओं को प्रभावित कर सकते हैं।




संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## झूठी प्रशंसा

मृणाल शहर से लोकप्रशासन की पढ़ाई पूरी कर गाँव आया। उसे लगा कि गाँव अब भी वैसा ही है, जैसा गाँव से शहर जाते समय था। मन बड़ा दुखी हुआ। न गाँव में सड़कें थीं, न ही बिजली। पानी का अब भी रोना था। सड़क के दोनों ओर मक्खियों की दावत रहती। चार साल बाद मृणाल शहर से गाँव आया तो उसे लगा था कि गाँव की सारी परेशानियाँ खत्म हो गई होगी। पहले जैसा नहीं होगा किंतु यहाँ तो कुछ और ही था। यह देखकर मृणाल मन ही मन आग बबूला होने लगा। मृणाल अपने पिता जी से बोला- पिता जी, आप लोग किसे वोट देते हैं; और क्यों? मुझे समझ नहीं आता। अब हमारे गाँव के हर नागरिक साक्षर हो गए हैं फिर भी....। पिता जी ने कहाङ्क इन सब बातों को छोड़ो और बताओ तुम्हारी तबीयत कैसी है? नहीं पिता जी; मुझे यह ठीक नहीं लग रहा है। मैं लोकतंत्र की पढ़ाई करने गया था। और मेरा ही गाँव.....! शर्म महसूस हो रही। मृणाल रूऑसा स्वर में बोला। देखो बेटा; चुनाव का समय आता है तो नेता, जनता को कई प्रकार से प्रलोभन दे कर अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं, हम एक से भला क्या होता है? बात तो सही है पिता जी। मृणाल ने अपना सिर हिलाया,और शांत हो कर कमरे की ओर बढ़ा। अगले दिन चौपाल में कुछ वृद्धजन बैठे किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। मृणाल वहाँ पहुँचा। उनकी बातें सुनी; लेकिन किसी का चरण स्पर्श नहीं किया। वृद्धजन हैरान नजरों से मृणाल की तरफ देखने लगे, और आपस में बोलने लगे वाह! बेटा मृणाल; आज शहर जा कर संस्कार शहर में ही छोड़ आए। मृणाल बिना कुछ बोले वहाँ से निकल गया। वह गाँव के किसी भी लोगों से सीधे मुँह बात नहीं करता था।पता नहीं क्या करता है ये लड़का; बस! इधर से उधर मंडराता रहता है, कभी तालाब के किनारे मछुवारे संग बैठा रहता है, कभी अकेले बगीचे में घूमता है, समझ नहीं आता, कौन जाने शहर में क्या-क्या गुल खिलाया होगा।बात करना तो दूर देखता तक नहीं। कहीं ये.....! इन सब बातों से मृणाल को कोई फर्क नहीं पड़ता था। अपने में ही मस्त रहता था। एकाएक गाँव में बदलाव आने लगा। हर घर रौशनी फैलने लगी। पानी की परेशानी भी लगभग कम हो रही थी। गाँव के सरपंच महोदय आकाश जी कुछ युवाओं के साथ बातें करते दिखाई दिए। मृणाल भी वहीं पहुँचा, क्या बात है सरपंच जी! अब धीरेङ्क धीरे विकास होने लगा है, इस गाँव में बरसों बाद अच्छे से दीवाली मनाई जाएगी। उनकी प्रशंसा की मानो मृणाल पुल बाँधने लगा। सरपंच जी की बॉछे खिल उठी। झूठी मुस्कुराहट के साथ सरपंच जी बड़े खामोश रहते। मृणाल उनकी ठिठोली करते नहीं थकता। एक दिन नेताजी और कुछ साथीगण, सरपंच महोदय का सम्मान करने और अपनी तारीफें बटोरने गाँव में आये। सभी इस आयोजन से खुश तो थे ही लेकिन हैरान भी थे। अचानक बदलाव कैसे आ रहा है! सरपंच जी कुछ बदलेङ्कबदले नजर आ रहे हैं। मंच में नेता और उनके सहयोगी जो सिर्फ चापलूसी करते थे; सभी आए। नेता जी का गजमाला से सरपंच महोदय ने स्वागत किया। नेता और गाँव के सरपंच जी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे थें। एक-दूसरे की तारीफ करते नहीं थकते। गाँव के विकास के बारे में नेता जी ने सरपंच को धीरे से कान में पूछ ही लिया। क्या बात है! आकाश जी आखिर आप अचानक विकास की ओर कैसे बढ़ गए? अपने जेब से पैसा लगाते हैं या..... कुछ और इरादा है....! सरपंच जी ने हैरानी से नेता की तरफ देखा। यही बात तो मैं आपसे पूछने वाला था! आखिर कौन है? जो विकास करवा रहा? कुछ दिनों से जेब खर्च के भी पैसे नहीं मिल रहे। जेब में चवन्नी तक नहीं है, सरपंच जी ने नेता के कान में फुसफुसाते हुए कहा। माइक पकड़ कर नेता जी ने सरपंच को शाबाशी दी। मृणाल और उनके पिता जी चैन-ओ-सुकून से बैठे भाषण सुन रहे थे लेकिन सच्चाई भी सामने लाना जरूरी था। मृणाल मंच में पहुँचा; नेता और सरपंच जी को मक्खन लगाते हुए बधाई दी और बोले वाह! आकाश जी आपके कार्यों की तो दाद देनी पड़ेगी। ये सब आपने किया है? मैं बता नहीं रहा बल्कि, आपसे पूछ रहा हूँ।मृणाल ऊँचे स्वर में बोला।इतने सालों से इस बंजर धरती में हरियाली कैसे नहीं आ रही थी; क्या गाँव वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया? नहीं न! आएगी भी कैसे, सरपंच जी की बुरी हालत कैसे हो गई? किसी ने सोचा है? गाँव विकास की ओर बढ़ रहा है ये तो खुशी की बात है न! सरपंच जी का पसीना निकलना शुरू हो गया। कार्यों के पैसे कहाँ जाते थे? क्या करते थे?किसी ने जानने की हिम्मत नहीं की; तो फिर अगली बार इन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। सरपंच की पोल खुली। गाँव वालें आपस में खुसुरङ्क फुसुर करने लगे। नेता जी भड़क उठे; कौन हो तुम? तुमको हमारी बेइज्जती करने का हक किसने दिया? मृणाल ने दो टूक उत्तर दिया- मैं इस पूरे जिले का नया सी.ई.ओ. (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) हूँ। नेता जी को जैसे साँप सूँघ गया। और सच्चाई सामने आ ही गई।



प्रिया
देवांगन प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### पटना में गार्गी अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित हुई मुस्कान केशरी



एम एस केशरी पब्लिकेशन की संस्थापिका मुस्कान केशरी जी को साहित्य और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 3 मार्च 2024 को पटना में गार्गी अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। मुस्कान केशरी जी बहुमुखी प्रतिभावान लड़की है। इनके बारे में जितना बोला जाए कम ही होगा। मुस्कान केशरी जी हर क्षेत्र में अपना योगदान देती रहती हैं। केशरी जी अभी तक ऑनलाइन व ऑफलाइन लगभग 2000 से अधिक सम्मान से सम्मानित हो चूँकी है और आज राष्ट्र स्तर की समाजसेवी, लेखिका, कवयित्री हैं। मुस्कान केशरी जी द्वारा 5 और 6 जून 2024 को मुजफ्फरपुर बिहार के प्रांगण में मुजफ्फरपुर साहित्यिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वो खुद साहित्यकारो को सम्मानित करेगी।

### डमरू घनाक्षरी

बमबम हरहर, बमबम हरहर,
बमबम हरहर,बमबम हरहर।
अवघट-मरघट,जमघट-पनघट,
अजर-अमर हर,अधर अचल धर।
जनम-मरण हर,सकल जगत चर,
चरण शरण नत,गटक गरल गर।
मन उपवन भर,छण-छण जप कर
लगन मगन मन,धर चल जल भर।
दरसन जब कर,परसन तब हर,
तन-मन-धन अब,अरपन सब कर।



राजकुमार
निषाद राज
बिरोदा धमधा
जिला-दुर्ग
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### प्यार करेंगे

तुम प्यार करोगे
आसमान टूट पड़ेगा
ऊपर पृथ्वी
जैसा है वैसा ही देखो
हां...आपको प्यार हो जाएगा
दिन में दिखाई देने वाला
सूर्य भी चंद्रमा के रूप में दिखाई
देता है...
सच में प्यार हो गया
आप के आसपास
सभी पेड़
एक युगल गीत गाओ...
हां तुम्हें पसंद आएगा
आप स्वयं नहीं जानते
न केवल...
भले ही आप प्यार करते हों
वह स्पष्टतः नहीं जानती



ओत्तेरी सेल्वा
कुमार
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### जब बसंत आता है मन में उमंग जगाता है

जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है
बागो मे कोयल जब प्यार के गीत गाती है
सरगम की लय पर सस्वर गीत सुनाती है
इन मधुर गीतों से दिल मेरा भर जाता है
जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है
अमुवा की मौर से फ़िज़ा भी मतवाली है
बासंती बयार सबका मन मोहने वाली है
सरसराती हवाएं दिल मे आग लगाता है
जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है
पीले सरसो के फूल प्रकृति का श्रृंगार है
धरा पर बसंत,रति काम का अवतार है
इसकी मादकता मन को सदा हर्षता है
जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है
रग-रग मे जीने की नवीनतम आश है
प्रकृति का अप्रतिम कैसा अहसास है
प्रकृति का हर शै प्रेम की बात बताता है
जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है
प्रकृति से सीखे परिवर्तन कैसे स्वीकारना
विषम परिस्थिति मे भी खुद को निखारना
पतझड़ के बाद ही नई-नई कोपले आता है
जब बसंत आता है मन मे उमंग जगाता है



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छत्तीसगढ़.

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बाल कहानी
# मनु समझ गया

मगरदाह वन में एक खरगोश दम्पत्ति रहते थे। उनका एक ही पुत्र था मनु। मनु बहुत सुंदर, पर था बड़ा शरारती। मम्मी-पापा के अधिक लाड़-प्यार ने उसे जिद्दी बना दिया था। अपने मम्मी-पापा के मना करने के बावजूद जंगल में दूर चला जाया करता था। कई बार तो वह साँप, नेवले व अन्य हिंसक जानवरों से बाल-बाल बचा था। मनु के शरारत एवं जिद्द के कारण मम्मी-पापा परेशान रहते थे।

एक दिन की बात है। जंगल के उकारी नदी के किनारे माघपूर्णिमा का मेला लगा हुआ था। मेले जाने वालों की लाइन लगी थी। दूब घास पर खेल रहे मनु की नजर मेले जाने वालों पर पड़ी। फिर वह दौड़ते-दौड़ते मम्मी के पास आकर जंगल की ओर लगी लाइन के बारे में पूछने लगा, लेकिन उसकी बातों को टालने के प्रयास करते मम्मी अपने काम में व्यस्त हो गयी।

मनु भी ऐसे ही मानने वाले थोड़े ही था। मम्मी द्वारा अपनी बातों का नजरअंदाज करना समझ गया। दौड़कर दरवाजे के पास गया। हाँफते हुए कहने लगा-मम्मी...मम्मी...! हम लोग कितने समय जाएँगे मेला देखने। पप्पू, सोनी, टोनी सब जा रहे हैं। मनु आज भी पहले की तरह जिद करने लगा। वह कभी मम्मी के सामने चला जाता तो कभी पीछे। मम्मी बोली-ठीक है, तुम्हारे पापाजी को आने दो, फिर चलेंगे। अब भी मनु का जिद करना जारी रहा। आखिर मम्मी परेशान हो गयी। गुस्सा आ गया। मनु के गाल पर एक तमाचा जड़ दिया उसने।

मनु मुँह फुलाकर घर से बाहर निकला। उसे मम्मी पर बहुत गुस्सा आ रहा था। वह मम्मी को बिना बताए मेला देखने जाने के लिए मन बना लिया; और मेला जाने की राह पकड़ ली। मेला जाते समय मनु बहुत खुश था। वह कभी तेज दौड़ता तो कभी धीरे। कभी किसी टीले पर बैठकर सुस्ताने लगता तो कभी किसी बिल को झाँककर देखता। मेले जाने वालों में कदाचित किसी को पता नहीं था कि वह बच्चा अपने मम्मी-पापा को बिना बताये मेला जा रहा है।

रास्ते में मनु को एक धूर्त सियार ने देख लिया। वह था लोमू सियार। लोमू जंगल के सभी जानवरों को बेवकूफ बनाने में बड़ा माहिर था। कोई जानवर उसे फूटी आँख नहीं भाते थे। लोमू मनु की बाल प्रवृत्ति को देख समझ गया कि यह बच्चा अपने घर से भागकर मेला जा रहा है। उसे यह सोचकर बड़ा अच्छा लगा कि बड़ी मुद्दत के बाद कोई चीज हाथ लगी है। मनु के निकट जाकर उसे बहलाते हुए कहने लगा -क्यों बेटे, बहुत खुश लग रहे हो। कहाँ जा रहे हो ? तुम्हारे मम्मी-पापा दिखाई नहीं दे रहे हैं, कहाँ हैं वे दोनों ? लोमू के कहने पर चहकते हुए मनु बोला -अंकल, मैंने तो मम्मी-पापा को बताया ही नहीं कि मैं मेला जा रहा हूँ,फिर वे जानेंगे कैसे। यह सुनकर लोमू बहुत खुश हुआ। बोला-अच्छा, तो तुम मेरे साथ चलो मेला। तुम्हारे मम्मी-पापा मेरे अच्छे दोस्त हैं। लोमू ने अपना उल्लू सीधा करने के लिए मनु को अपने वश में कर लिया। ठीक है अंकल जी, चलिए,कहते हुए मनु लोमू के पीछे-पीछे चलने लगा।

एक छोटे से बच्चे को अकेले लोमू सियार के साथ जाते देखकर महुए पेड़ पर बैठे टीकू बंदर को बड़ा आश्चर्य लगा। टीकू लोमू की आदत से वाकिफ था। उसे लगा कि जरूर दाल में कुछ काला है। लोमू को पहले नमस्ते ठोका और ऊपरी मुस्कान भरते हुए बोला - लोमू भैया, बहुत दिनों बाद दिखाई दिये। आप कहाँ जा रहे हैं ?

बस यूँ ही...मेला जा रहा हूँ , टीकू को अपने रास्ते का काँटा समझते हुए लोमू ने आधे-अधूरे जवाब दिया।

टीकू ने फिर पूछा-यह बच्चा किसका है?

रास्ते में ही मिल गया। अकेला था। इसे मैं अपने साथ मेला घुमाने ले जा रहा हूँ। लोमू सकपकाने लगा।

टीकू को लोमू की बनावटी बातें समझने में देर न लगी। उसे मनु की मासूमियत पर दया और लोमू की धूर्तता पर बहुत गुस्सा आ रहा था, लेकिन इस समय उसने धैर्य से काम लेना उचित समझा। ठाकुरसुहाती करते हुए बोला - लोमू भैया, आप मेरे घर तरफ बहुत दिनों के बाद आए हैं। घर चलिए। भोजन करके जाइएगा। आपकी मनपसंद मछली बनी है।

मछली सुनकर लोमू के मुँह में पानी आ गया। मन ही मन सोचने लगा कि आज मेरी किस्मत में चांदी ही चांदी है। जब भगवान देता है तो छप्पर फाड़कर देता है। ठीक है टीकू भाई, मुँह धोकर आता हूँ, कहकर लोमू एक गड्ढे के पानी की ओर गया।

टीकू मौका पाते ही झट से मनु को लेकर पेड़ पर चढ़ गया। लोमू को दुत्कारते हुए बोला-अरे मूर्ख, मैं तुम्हें अच्छी तरह जानता हूँ कि तुम कितना नीच हो। जा...यहाँ से भाग। इस मासूम को तुम क्या मेला घुमाओगे। तुम्हारे साथ यह बिल्कुल नहीं जाएगा। तुम यहाँ से भाग जाओ, नहीं तो आवाज लगाकर पूरे जंगल के जानवरों को बुला लूँगा। सबको बेवकूफ बनाने वाला लोमू सियार आज स्वयं बेवकूफ बन गया। अपना सा बनाए लोमू वहाँ से चला गया।

इधर मनु के बिना बताए अचानक घर से चले जाने पर उसके मम्मी-पापा का बुरा हाल था। मनु को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते वे थक चुके थे। तभी मनु को टीकू बंदर के साथ आते देखकर बहुत हुए। आते ही मनु अपनी मम्मी की गोद में दुबक गया। टीकू ने खरगोश दम्पत्ति को घटना की पूरी जानकारी दी। फिर खरगोश दम्पत्ति ने अपने बच्चे की जान बचाने के लिए टीकू को धन्यवाद दिया। टीकू बंदर लौटते समय मनु को समझाया - अब कभी जिद मत करना। मम्मी-पापा को बिना बताए कहीं नहीं जाना। हमेशा अपने से बड़ों की बातें मानना। हाँ , एक बात और ध्यान रखना कि किसी अपरिचित की बातों में कभी मत आना। इस बार मनु शांत रहा। वह हर बात समझ गया था। उसने टीकू बंदर की बातें गाँठ बाँध ली।



टीकेश्वर
सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# रिटोटलिंग का परिणाम जारी नहीं किए जाने से
# लगभग 250 छात्र हुए परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कई मुख्य मुद्दों पर कार्य करने की मांग की गई। सत्र 2022-23 की विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें बहुत से छात्रों के अनुत्तीर्ण होने के पश्चात छात्रों ने सप्लीमेंट्री परीक्षा का फॉर्म भरा वही बहुत से छात्रों ने रिटोटलिंग का फॉर्म भरा परंतु आज की तारीख तक विश्वविद्यालय रिटोटलिंग का परिणाम जारी नही कर पाया है। जो की विश्वविद्यालय की ओर से बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है, जिसके कारण बहुत से छात्र ऐसे हैं जो परीक्षा फॉर्म 2023-24 सत्र का नहीं भर पाए हैं जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। जिसको लेकर संघ ने मांग किया कि जल्द रिटोटलिंग का परिणाम जारी किया जाये वहीं एक दिन यानी की 4 मार्च को परीक्षा फॉर्म का पोर्टल खोलने के लिए भी कहा गया जिसपर विश्वविद्यालय द्वारा उचित आश्वासन देते हुए कहा गया की रिटोटलिंग का परिणाम दो-तीन दिन के अंदर घोषित कर दिया जाएगा वहीं 4 मार्च को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म का पोर्टल चालू रखा जाएगा जिससे छात्र अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। वहीं संघ ने दूसरी ओर विश्वविद्यालय द्वारा जारी मुख्य परीक्षा की समय सारणी को लेकर मांग की जिसमें अप्रैल में बीएससी की लगातार परीक्षाएं आयोजित हो रही है बिना एक दिन के गैप के। जिसपर विश्वविद्यालय ने उचित आश्वासन देते हुए संशोधन करने की बात कही। संघ द्वारा तीसरी मुख्य मांगे यह की गई कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय आज की तारीख तक थर्ड पार्टी वेबसाइट की मदद से कार्य कर रहा है जहां छात्रों का परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर जारी किया जाता है जिससे गोपनीयता भंग होती है वेबसाइट पर विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र का उसका परीक्षा परिणाम उसके रोल नंबर अथवा उसके नाम मात्र से कोई भी देख सकता है जिससे की गोपनीयता पर बहुत बड़ा सवाल उठता है जिसको लेकर संघ ने मांग किया कि इसको अपडेट कर यूजर आईडी पासवर्ड से रिजल्ट देखने का माध्यम लाया जाए या फिर कोई अन्य माध्यम अपनाकर गोपनीयता बरकरार रखा जाए। जिसपर विश्वविद्यालय की ओर से उचित आश्वासन देते हुए इसपर जल्द कार्य करने की बात कही गई। उक्त विषयों को लेकर आजाद सेवा संघ ने गंभीरता से विश्वविद्यालय द्वारा कार्य करने की मांग की एवं यदि कोई कदम नही उठाया जाता है तो संघ ने प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है। इस दौरान संघ के छात्र उपस्थित रहे।

## भाजपा सरगुजा लोकसभा उम्मीदवार की गाड़ी से जा टकराये
## नशे में धुत बाइक सवार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 झूरी तालाब बासेन के पास रविवार की शाम सरगुजा लोकसभा से भाजपा सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज की गाड़ी से बाइक सवार तीन युवक टकरा गए। बाइक सवार तीनों लोग नशे में धुत थे। जिन्हें तत्काल चिंतामणि महाराज और ग्रामीणों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी दोनों को रायपुर रेफर कर दिया गया है।

रविवार की रात चिंतामणि महाराज एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इनकी गाड़ी जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग-43 झूरी तालाब बासेन के पास पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने चिंतामणि के गाड़ी से जाकर टकरा गए। दुर्घटना में ग्राम पंचायत गोविंदपुर निवासी संदीप पिता मंगल साय 24 वर्ष, तिलक मझवार 19 वर्ष, दीपक माझवार 16 वर्ष दुर्घटना से घायल हो गए। दुर्घटना में चिंतामणि महाराज को मामूली चोट आई है। इन्होंने तत्काल अपने समर्थकों व स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। यहां दो युवकों की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी दोनों को रायपुर रेफर कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 में इन दोनों तेज रफ्तार वाहन और शराब के नशे में धुत बाइक सवार लोग ज्यादा दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। दोनों युवकों सहित नाबालिक शराब के नशे में थे और दुर्घटना के शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना काफी जबरदस्त थी।

# तेज आंधी-तूफान ने मैनपाट में मचाई तबाही,
# एक दर्जन कच्चे मकानों के उड़े शेड व छप्पर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




उत्तरी भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर सरगुजा संभाग में भी देखा जा रहा है। रविवार की सुबह घने बादल व तेज हवा के साथ बारिश होने के बाद रात में भी मौसम का प्रकोप देखा गया। देर रात को तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। आंधी-पानी ने सबसे ज्यादा नुकसान मैनपाट के ग्राम सुपलगा व पैगा में हुआ है। लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों के कच्चे मकान के शेड व छप्पर उड़ गए। इससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं तीन से चार स्थानों पर पेड भी गिरे हैं। आंधी-तूफान में अमित पिता रामधानी, अशोक पिता रामधानी, रमय्या पिता आशा राम, , चैन सायं पिता उदयभान, बुलकन पिता हरी सहित अन्य ग्रामीणों के कच्चे घरों का छत क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि रामप्रसाद पिता सुरजन के घर के ऊपर पेड़ गिर गया। गनीमत था कि घटना से किसी की जान नहीं गई। प्रकृति का यह रुद्र रूप देख ग्रामीण सहमें रहे। घरों को नुकसान पहुंचने से गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। तेज आंधी-तूफान के कारण सबसे ज्यादा नुकसान मैनपाट के ग्राम सुपलगा व पैगा में हुआ है। आंधी-तूफान में कई जगहों पर बिजली खंभा व तार टूट गए हैं। इससे तीन से चार मोहल्लों में अंधेरा छाए हुए हैं। वहीं विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत शुरू करा दिया गया है। पर कई स्थानों पर तार टूटने व विद्युत खंभा गिरने से सोमवार की रात तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।

### 11.4 मिमी हुई बारिश

मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ के कारण बार-बार मौसम खराब हो रहा है। जनवरी से लेकर अब तक लगभग 10 बार मौसम में बदलाव आया है। फिलहाल उत्तरी भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण छत्तीसगढ़ में निम्न एवं मध्य स्तरीय बादलों की उपस्थिति देखी जा रही है। इसका असर शनिवार की मध्य रात से ही देखा जा रहा है। रविवार की सुबह तेज हवा के घने बादल छाए रहे। इस दौरान लगभग 11.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके बाद पूरे दिन बादलों की सक्रियता देखी गई। असमय बारिश व बादल छाए रहने से रबी फसल को काफी नुकसान होने की अंदेशा बना हुआ है। वहीं सब्जी की खेती को सबसे ज्यादा नुकसान हो रही है। आम पेड़ों के बौर को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान के कारण संभाग भर में किसानों के चेहरे में मायूसी स्पष्ट झलकने लगी है।

## अस्थियों का होगा डीएनए टेस्ट,पुलिस ने
## लिया रिशु के माता-पिता का ब्लड सैम्पल



- संवाददाता -
प्रतापपुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

10 वर्षीय बालक रिशु का अगवा कर हत्या के मामले में आरोपियों का घर तोड़ने से पहले पिता ने उसका अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। रिशु कश्यप की पहचान के लिए उसकी अस्थियों का पुलिस डीएनए टेस्ट कराएगी। रविवार को फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजुर प्रतापपुर पहुंचे और रिशु के माता-पिता का ब्लड सैंपल लिया। प्रतापपुर के होटल व्यवसायी अशोक कश्यप का बेटा रिशु कश्यप 10 वर्ष 29 जनवरी को अपहरण कर पड़ोस के ही दो युवकों ने जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या कर शव को जला दिया था। फिर पिता को कॉल कर छह लाख रुपए फिरौती मांगी थी। पुलिस ने जांच के दौरान 26 फरवरी को 2 आरोपियों शुभम सोनी 26 वर्ष और विशाल ताम्रकार 28 वर्ष को जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर करसी जंगल से रिशु कश्यप के शव के जली हुई हड्डियां बरामद की थी। घटना के बाद आक्रोशित लोग आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। मासूम रिशु कश्यप के शव को जला दिए जाने के कारण उसकी कुछ अस्थियां ही पुलिस को मिली थी। रिशु के पिता अशोक कश्यप को कुछ अस्थियां सौंपी गईं, ताकि वे अंतिम संस्कार कर सकें। अस्थियां लेते हुए पिता फफक पड़े। पूरा परिवार घटना के बाद से सदमे में है। रिशु कश्यप की हत्या के बाद परिजन उसका विधिवत् अंतिम संस्कार नहीं कर सके हैं। अशोक कश्यप ने कहा कि जब आरोपियों का घर टूटेगा, तब ही वे रिशु का विधिवत् अंतिम संस्कार करेंगे। आरोपियों के परिवार की दुकानें भी घटना के बाद से बंद हैं। उनके परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस निगरानी कर रही है।

**» आरोपियों के घर बुलडोजर चलने से पहले नहीं करेंगे रिशु का अंतिम संस्कार:पिता अशोक कश्यप**

# क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देकर
# 91 हजार की ठगी,आरोपी यूपी से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 91 हजार 170 रुपए ऑनलाइन ठगी कर ली गई थी। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने एक आरोपी को जौनपुर यूपी से गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस को आरोपी के कब्जे से ठगी की रुपए बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अगस्त राम पैकरा उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निम्हा का रहने वाला है। इसके नाम से केडिट कार्ड है। 2 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अगस्त राम को बोला की आपका कैंडिट कार्ड बंद करा देंगे। कैंडिट कार्ड बंद कराने के लिए उसे झांसे में लेकर ओटीपी नंबर पूछकर उसके खाते से कुल 91 हजार 170 रुपए ट्रांजेक्शन कर लिया। अगस्त राम ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 66 डी व आईटीएक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनिकी सहायता से आरोपी ररोहित वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी पुरानी बाजार केराकट जौनपुर यूपी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई कुल रकम भी बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# निजी अस्पताल से रुपए व डीबीआर
# चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



सीतापुर थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के केबिन से 2 मार्च को अज्ञात चोर द्वारा 56 हजार रुपए नकदी व डीबीआर चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई रुपए व डीबीआर भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में 2 मार्च की रात को अज्ञात चोर द्वारा केबिन रखा 56 हजार रुपए नकदी व अस्पताल में लगे डीबीआर चोरी कर ले गए थे। मामले की रिपोर्ट सीतापुर निवासी एसएन पैकरा ने थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी राजेश महेश उम्र 27 वर्ष निवासी जामढोढ़ी थाना सीतापुर को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो वह चोरी करने की बात स्वीकार ली। वह पुलिस को बताया कि घटना दिवस अस्पताल में ही रूक गया था और केबिन का दरवाजा तोड़कर नकदी व डीबीआर चोरी कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रुपए 55 हजार व डीबीआर बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है।



आरोपी 26 जनवारी को ऑक्सीजन पार्क से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार संजय प्रजापति संत गहिरा गुरु वार्ड बहेरापारा थाना कोतवाली का रहने वाला है। 26 जनवारी को संजय का भाई बाइक से ऑक्सीजन पार्क घुमने गया था। पार्क घुमकर वापस आया तो उसकी बाइक पार्क के बाहर नहीं थी। किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गई थी। संजय ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस मामले में विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेही रोशन केरकेट्टा उम्र 23 वर्ष निवासी लुचकी लालमाटी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# अनोखे अंदाज से मनाया गया गिरिराज पब्लिक स्कूल का
# वार्षिकोत्सव,वृद्धाश्रम के बुजुर्ग अतिथि के रूप में हुए शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



शहर के गिरिराज पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को अनोखे ढंग से मनाया गया। यह विद्यालय अपने अनोखे प्रयोग की वजह से हमेशा ही शहर में चर्चा का विषय रहता है। वार्षिकोत्सव की मुख्य थीम संस्कार थी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय के बच्चों के दादा-दादी, नाना नानी के साथ ही अंबिकापुर वृद्धाश्रम से आए हुए बुजुर्गों का तिलक व आरती के द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें शाल भेंट की गई। इस कार्यक्रम ने वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखों में भावनाओं के आंसू भर दिए। इस कार्यक्रम का पेरेंटिंग एक्ट भी दर्शकों के बीच में चर्चा का विषय रहा। इसके द्वारा आज के दौर में बच्चे और अभिभावकों के बीच किस तरह के संतुलन की जरूरत है इसका मैसेज दिया गया। बच्चों ने दोनों के बीच की भावनाओं को इस एक्ट के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा। इसके साथ ही देश भक्ति नृत्य, अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले प्रोग्राम, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम जैसे अनेक आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्ले ग्रुप से लेकर पांचवी तक के बच्चों द्वारा दी गई। विद्यालय के बालकृष्ण द्वारा भागवद गीता के श्लोकों का वर्णन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर निश्चल प्रताप सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डीन वीके सिंह व सेनी सहायक पुलिस अधीक्षक डीके सिंह शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राहुल शुक्ला के साथ पूरा विद्यालय परिवार शामिल रहा।

# पिछले साल नौ मई को हुए दंगों की जांच की मांग

## बिलवाल भुट्टो जरदारी बोले-आयोग का हो गठन

**इस्लामाबाद,04 मार्च 2024।** पिछले साल नौ मई को भ्रष्टाचार के एक मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसके खिलाफ जांच की मांग करते हुए सोमवार को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यायिक आयोग के गठन की अपील की है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक वर्तमान में कई मामलों में रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा के बीच अदियाला जेल में बंद हैं।

### क्या है मामला

पिछले साल नौ मई को इमरान खान की पीटीआई पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस, मियांवाली एयर बेस, फैसलाबाद में आईएसआई भवन, रावलपिंडी में सेना मुख्यालय समेत कई सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। नेशनल असेंबली में एक भाषण के दौरान बिलावल ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की मांग का समर्थन करते हुए पीएम शहबाज शरीफ से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा से जांच आयोग बनाएं।



### हम उस दिन को भूल नहीं सकते- बिलावल

नेशनल असेंबली में बिलावल ने कहा कि वह इसका समर्थन करते हैं। अगर पीटीआई हमें आश्वासन देती है कि वह न्यायिक आयोग के फैसले को स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है कि कोई हमारे संस्थानों, शहीद स्मारकों पर हमला करे और हम इसे भूल जाएं। जब तक हम इस मुद्दे को संबोधित नहीं करते, हम अपनी राजनीति को आगे नहीं बढ़ा सकते और यही कारण है कि पीपीपी ने पीएम से न्यायिक आयोग बनाने की अपील की है।

### छापेमारी को चुनाव से जोड़ा जा रहा- बिलावल

बिलावल ने अपने भाषण में कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के आवास पर छापेमारी जैसी घटनाओं से आठ फरवरी के चुनावों को बिना किसी कारण के विवादास्पद बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले, बलूचिस्तान में अधिकारियों ने प्रांतीय राजधानी क्वेटा में विपक्षी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और अनुभवी राजनेता महमूद खान अचकजई के घर पर छापा मारा है और उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली जमीनों को फिर से हासिल किया गया।

# विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के घर पर छापा,कब्जाई जमीन को छुड़ाने का पुलिस का दावा

**इस्लामाबाद, 04 मार्च 2024।** पाकिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव से पहले बलूचिस्तान में अधिकारियों ने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार और दिग्गज नेता महमूद खान अचकजई के प्रांतीय राजधानी क्वेटा स्थित घर पर छापा मारा। साथ ही उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया।

इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने पश्तून ख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख अचकजई को



चुनावी मैदान में उतारने का फैसला लिया है। वह पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता आसिफ अली जरदारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

क्वेटा में अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने रविवार को अचकजई के आवास पर छापा मारा था। साथ ही उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई सरकारी स्वामित्व वाली भूमि के एक हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया।

### नौ मार्च को होगा चुनाव

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक राष्ट्रपति का चुनाव नौ मार्च को होगा। बता दें कि, आठ फरवरी को हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं हुआ था। इसलिए पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन बनाने का एलान किया और बाद में जरदारी को देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार घोषित किया गया। जरदारी इससे पहले सितंबर 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। राजनीतिक और नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मीडिया ने छापे की कड़ी निंदा की है।

# शिवरात्रि से पहले होने वाले अनुष्ठान के दौरान लगी आग,छह लोगों की मौत पर जयशंकर ने जताया दुख

**पोर्ट लुईस, 04 मार्च 2024।** मॉरिशस से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां महाशिवरात्रि से पहले होने वाले एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आग लग गई। इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। घटना पर विदेश मंत्री एय जयशंकर ने दुख जताया है।

**यह है मामला:-** मॉरिशस के पुलिस कमिश्नर अनिल कुमार दिप ने बताया कि श्रद्धालु शिवरात्रि से पहले तीन मार्च को ग्रैंड बेसिन झील तक पैदल



यात्रा कर रहे थे। ये लोग लकड़ी और बांस से बनी एक गाड़ी पर देवताओं की मूर्तियां रखकर झील पर जा रहे थे। तभी गाड़ी खुले बिजली के तारों के संपर्क में आ गई और आग लग गई।

**सात लोग घायल:-** पुलिस आयुक्त अनिल कुमार दीप ने कहा, दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हुए हैं। घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज अभी चल रहा है।

**जयशंकर ने जताया दुख:-** विदेश मंत्री एय जयशंकर ने सोमवार को हादसे में मारे गए पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कहा, मैं मॉरीशस में महाशिवरात्रि से पहले होने वाले एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आग लगने की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। इस हादसे में छह लोगों की जान गई है।

**आठ मार्च को होनी है महाशिवरात्रि:-** बता दें, तीर्थयात्री शिवरात्रि उत्सव से पहले ग्रैंड बेसिन झील तक पैदल यात्रा कर रहे थे, जिसे पूर्वी अफ्रीकी द्वीप राष्ट्र के हिंदू समुदाय द्वारा पवित्र माना जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि मनाई जाती है।

पड़ोसी से तनाव

# चीन में संबंध सामान्य बनाने की कवायद,LAC विवाद पर भी बयान,बीआरआई से व्यापार बढ़ने का दावा

**बीजिंग, 04 मार्च 2024।** चीन ने दक्षिण चीन सागर और भारत के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा मुद्दे पर तनाव कम करने का प्रयास किया है। अपने एशियाई पड़ोसियों से संबंधों में बढ़ती तल्खी को कम करने का प्रयास करते हुए चीन ने सोमवार को कहा, बीआरआई जैसी पहल गति पकड़ रही है। चीन की दावा है कि बीआरआई की मदद से देशों के क्षेत्रीय व्यापार में तेजी आ रही है। चीनी संसद- नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के प्रवक्ता लोउ किनजियान के मुताबिक उन्होंने अपनी पूरे राजनीतिक जीवन में पड़ोसी देशों को उच्च प्राथमिकता दी है।

### बीआरआई राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पसंदीदा पहल

एशियाई पड़ोसियों के साथ चीन के तनाव पर किनजियान ने कहा, बीजिंग



दक्षिण की तरफ रूख कर रहा है। उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर विवाद खतरनाक फ्लैश प्वाइंट के साथ-साथ क्षेत्र में अनसुलझे मुद्दे की तरह बन चुका है। उन्होंने कहा कि मध्य एशिया के लगभग सभी देश चीन के साथ साझा भविष्य वाला समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बीआरआई को राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पसंदीदा पहल करार दिया।

### बीआरआई ने कई देशों को अधिक वास्तविक लाभ पहुंचाए हैं...

मई, 2020 में भारत के साथ गलवां घाटी में हुई झड़प का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के साथ चीन का सहयोग खुला और समावेशी है। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया वाले क्वाड गठबंधन पर किनजियान ने कहा, चीन गुटों के बीच टकराव, छोटे समूहों का विरोध करता है। चीनी संसद के प्रवक्ता के मुताबिक बीआरआई ने अधिक वास्तविक लाभ पहुंचाए हैं। कई क्षेत्रीय देश बीआरआई में शामिल हो गए हैं। कई परियोजनाएं मॉडल के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीआरआई से जुड़े देशों के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 200 से अधिक बीआरआई सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर

गौरतलब है कि BRI अरबों डॉलर की पहल है। राष्टपति शी जिनपिंग ने 2013 में सत्ता में आने पर इसकी शुरुआत की थी। इसका मकसद दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। चीन, जिसने पिछले साल बीआरआई की 10वीं वर्षगांठ मनाई थी। किनजियान के मुताबिक चीन ने पांच महाद्वीपों में 150 से अधिक देशों के साथ समझौते किए हैं। उन्होंने दावा किया है कि 30 अंतरराष्टीय संगठनों के साथ 200 से अधिक बीआरआई सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

# बिना समय गंवाए अधिक से अधिक घरों तक पहुंचना है हमें

\- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 04 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आज एमजी रोड



स्थित भाजपा लोकसभा क्षेत्र सरगुजा चुनाव कार्यालय में चुनाव कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, लोकसभा चुनाव सह प्रभारी श्रीमती चंपा देवी पावले, भाजपा सरगुजा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह बलरामपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल लोकसभा चनाव संयोजक कमलभान सिंह सहसंयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते तथा भाजपा सरगुजा सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के विशिष्ट आतिथ्य में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति और लोकसभा चुनाव को कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर क्लस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल ने विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों को शक्तिकेंद्रों में बैठक लेकर 25 बिंदुओं पर तत्काल काम शुरू करने का निर्देश दिया।

सरगुजा लोक सभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि आचार संहिता से पूर्व ही प्रत्याशी के नामों की घोषणा करके संगठन ने हमें जनता के बीच जाने के लिए पर्याप्त समय दे दिया है, अब हमें बिना समय गंवाए अधिक से अधिक घरों तक पहुंचना है। इस अवसर पर लोकसभा सरगुजा भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ताओं का कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं जिनके सहयोग से मेरा नाम सांसद प्रत्याशी के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रत्याशी नहीं बल्कि कार्यकर्ता और संगठन ही चुनाव लड़ता है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि जानता का प्यार और आशीर्वाद हमें प्राप्त होगा तथा आप सब के परिश्रम से भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा चुनाव सहसंयोजक अखिलेश सोनी ने तथा आभार जिला महामंत्री देवनाथ पैकरा ने किया। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया, शिवनाथ यादव, अनूप सिन्हा, अभिमन्यु गुप्ता, रामकृपाल साहू, अंबिकेश केशरी, विनोद हर्ष, फुलेश्वरी सिंह, मंजूषा भगत, राजेश महलवाला, संजय सिंह, गौरीशंकर अग्रवाल, दीनानाथ यादव, करता राम गुप्ता, विकास पांडे, विजय व्यापारी, संतोष दास , रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, मुरली सोनी, आलोक दुबे, कैलाश मिश्रा, मुनेश रजवाड़े, रौशन गुप्ता, राधेश्याम ठाकुर, विद्यानंद मिश्रा, राजबहादुर शास्त्री, राजकुमार अग्रवाल, प्रसून गोयल, संजय अग्रवाल, तजिंदर बग्गा, रामप्रवेश पाण्डेय, सर्वेश तिवारी, रिंकू वर्मा, शरद सिन्हा, दुर्गाशंकर, निश्चल सिंह, प्रकाशमणि त्रिपाठी तथा मयंक जायसवाल सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# चावल की खराब गुणवत्ता पर नाराज हुए प्रभारी खाद्य मंत्री

\- संवाददाता -

**सूरजपुर, 04 मार्च 2024 (घटती-घटना)।** जिले के प्रभारी व खाद्य मंत्री दयाल दास बधेल का एक्शन मोड समीक्षा बैठक के बाद अचानक पहुंचे एफसीआई नान गोदाम वहां पर रखे चावल शक्कर चना की क्वालिटी को देखा चावल में ज्यादा टूट होने से नाराज हुए मंत्री कुछ चावल को अपने साथ ले गए लैब में जांच कराने की बात कही मंत्री जी के इस एक्शन से एफ सी आई व नागरिक आपूर्ति विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल का जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्म जोशी से स्वागत

**जिले का स्वर्णिम विकास, हर एक कार्यकर्ता का विश्वास और सम्मान मेरी प्राथमिकता-दयाल दास बघेल**

\- संवाददाता -

**सूरजपुर, 04 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

माननीय मंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं सूरजपुर जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल जी प्रथम सूरजपुर जिला आगमन पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कुंज में जिले के सभी वरिष्ठजनों व कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्म जोशी से माननीय मंत्री जी का ढोल- नगाड़ा, आतिश बाजी,फूल माला व पुष्प गुछ से स्वागत किया इसके पश्चात पार्टी कार्यालय में ही माननीय मंत्री जी का सभी पदाधिकारीयो ने क्रमशः एक-एक कर स्वागत किया इसके बाद मंत्री श्री बघेल जी ने पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की परिचययात्मक बैठक लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को विस्तार पूर्वक समझा और सभी को तमाम उन समस्याओं का निराकरण करने का हर संभव भरोसा दिया । शासन द्वारा संचालित होने वाले तमाम विभागों एवं अधिकारियों से संबंधित सुझाव एवं शिकायतें भी मांगे और अपने उद्बोधन में कहा कि जिले के विकास में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाऊंगा और प्रदेश में सूरजपुर जिले का एक अलग



पहचान स्थापित करने की बात करने के साथ करने के साथ ही कहा कि सूरजपुर जिले का स्वर्णिम विकास, हर एक कार्यकर्ता का विश्वास और सम्मान मेरी प्राथमिकता होगी।

इस दौरान श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी, कैबिनेट मंत्री महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग, विधायक भटगांव छत्तीसगढ़ शासन, भूलन सिंह मरावी विधायक प्रेमनगर, श्रीमती शकुंतला पोर्ते विधायक प्रतापपुर, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, रामकृपाल साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष थलेश्वर साहू, जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल महलवाला, मुरली मनोहर सोनी, अजय श्याम, रामू गोस्वामी, अनूप सिंह, संदीप अग्रवाल, अशोक सिंह, रामकरण साहू, कौशल प्रताप सिंह, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, रविंद्र भारती, शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल(अज्जू), ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजवाड़े, विश्रामपुर मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, देवनगर अध्यक्ष रामशिरोमणि साहू, भैयाथाना अध्यक्ष मार्तंड साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी डॉ एच एन चतुर्वेदी, दीप नारायण सिंह, अरुण राजवाड़े, रामविलास सिंह, दुर्गा शंकर जायसवाल, श्रीमती किरण खेस, शशिकांत गर्ग, दीपेंद्र सिंह चौहान, संत सिंह, दरोगा सिंह, महादेव सिंह, कृष्ण कुमार गोयल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्रीमती नूतन विश्वास, श्रीमती बीना गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता, सूरज शेट्टी बिश्रामपुर सूरज शेट्टी, जिला उपाध्यक्ष यशवंत प्रताप सिंह, राजेश साहू, सुमित साहू, भाजयुमो जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल, शांतनु सिंह चौहान, युवा मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, अवनीश सिंह, शिवकुमार राजवाड़े, महामंत्री संजू सोनी, रंजन सोनी, विक्की रवि सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

CMYK

# क्या थाने से हटाए जाएंगे,निकम्मे,नशेड़ी व वसूलीबाज पुलिसकर्मी...
# लाइन में बैठे बेहतर पुलिसकर्मियों को क्या मिलेगा मौका ?





» नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को सुधारनी पड़ेगी कोरिया की पुलिसिंग...तब जाकर समाज के लिए बेहतर होगी कोरिया पुलिस

» युवा पुलिस अधीक्षक थानों में व थानों के प्रभारी पर भरोसा कर उनसे करा सकते हैं बेहतर पुलिसिंग

» अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मीयो के लिए सख्त होना पड़ेगा नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक कोरिया को

### लापरवाह और नशेड़ी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की भी होगी जरूरत...

नए पुलिस अधीक्षक को लापरवाह और नशेड़ी पुलिसकर्मियों को लेकर भी कड़ा रुख अख्तियार करना होगा। नए पुलिस अधीक्षक को ऐसे पुलिसकर्मियों की जानकारी लेनी होगी और उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करनी होगी। कई पुलिसकर्मी जिले में नशे की हालत में भी कार्य पर उपस्थित रहते हैं। एक मामले में तो पटना आदर्श चौक में एक नशेड़ी पुलिसकर्मी ने ठेले गुमटी वालों से रात को वसूली करने की भी कोशिश की थी जिसमे ग्राम के लोगों ने उसे घेरा था और बाद में माफी मांगकर वह वहां से बचकर जा सका था।


कोरिया के लगभग 320 पुलिसकर्मियों में से क्या एक प्रधान आरक्षक ही है सबसे योग्य...


आडियो में प्रधान आरक्षक किस गुंडे को भेज कर उठाने की कर रहे बात?


घटती घटना

कोरिया जिला पुलिस का नया कारनामा,चोरी का सामान खुद कर रहे थे इस्तेमाल,दूसरी चोरी के बाद खुली पोल


घटती घटना

शराब के नशे में धुत्त प्रधान आरक्षक की करतूत आई सामने,गुमटी वालों से की प्रधान आरक्षक ने की गाली-गलौज,मांगे पैसे,ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

चार थानों वाले जिला कोरिया के नव पदस्थ युवा पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के लिए उनके पदस्थापना का पहला दिन ही खराब माना जा सकता है पर इसके पीछे की वजह कोरिया की पुरानी खराब पुलिसिंग है इस बात का अंदाजा नवीन पुलिस अधीक्षक को भी लग गया होगा कि यहां की पुलिसिंग कितनी खराब है और जिस वजह से चोरी की घटना बंद नहीं हो रही है, जहां कोरिया जिले के पुलिसकर्मियों को अपने नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक का स्वागत अपनी बेहतर पुलिसिंग से करनी थी वहीं उन्होंने अपनी खराब पुलिसिंग की पहचान पहले दिन ही बता दी, अब पुलिस अधीक्षक भी समझ गए होंगे कि यहां के पुलिसकर्मी किस कदर काम कर रहे हैं और जिनकी कार्य क्षमता कितनी है, अब युवा पुलिस अधीक्षक को कोरिया की




बेहतर पुलिसिंग के लिए बहुत काम करना पड़ेगा और पुलिसकर्मियों की सही जानकारी उन्हें लेनी होगी की कौन सा पुलिसकर्मी काम करने वाला है और कौन सा पुलिसकर्मी वसूली करने वाला है और कौन सा पुलिसकर्मी काम के मामले में लापरवाह है और कौन सा पुलिसकर्मी नशेड़ी है। इसके बाद नए सिरे से थाने में नई टीम बैठानी होगी जिससे बेहतर पुलिसिंग समाज के लिए स्थापित की जा सके और जो पुलिसकर्मी सही नहीं है उन्हें भी सही राह पर लाना होगा।

जिले में नए पुलिस अधीक्षक के पदस्थापना ग्रहण करने का पहला ही दिन था और पटना पुलिस थाना क्षेत्र में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। कोरिया के पटना थाना क्षेत्र में यह कोई पहली चोरी की घटना नहीं थी हाल फिलहाल में कई महीनों का यदि हाल देखा जाए तो लगातार चोरियां होती रहीं और कोई मामला सुलझ नहीं पाया। एक मामले में तो चोर ऐसे जगह चोरी करने में कामयाब हो गए जहां से चंद कदम दूर ही पुलिस का रात्रि गस्त दस्ता बैठा रहता है पहरा देता है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं की वह एक ही थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना को अंजाम देते जा रहे हैं और पुलिस के हांथ कोई सुराग लग नहीं पा रहा है। अब तक की चोरियां छोटी चोरियां थी ज्यादातर चोरियां ऐसे दुकानों में हुई जहां महंगे समान ज्यादातर मात्रा में नहीं थे लेकिन इस बार की चोरी ज्वेलरी सह बर्तन दुकान में हुई जहां से सात लाख से ज्यादा की चोरी चोरों ने की जैसा बताया जा रहा है। अब जिले के नए पुलिस अधीक्षक को हाल में हुई चोरी की गुत्थी तो सुलझाना ही है वहीं पुरानी चोरियों की गुत्थी भी उन्हे सुलझाना है क्योंकि यदि ऐसा नहीं होता है तो लोगों के मन से सुरक्षा का भाव खत्म हो जाएगा जो कानून व्यवस्था के हिसाब से अच्छा संकेत नहीं होगा।

## अवैध कारोबार को संरक्षण देने भी पुलिसकर्मी लेते हैं मनचाही पदस्थापना,उन्हे भी करना होगा चिन्हांकित

नए पुलिस अधीक्षक को ऐसे पुलिसकर्मियों को भी चिन्हांकित करना होगा जो अवैध कारोबार को संरक्षण देने मनचाही पदस्थापना लेते हैं। जिले में कई पुलिस थाना ऐसे हैं जहां कोयला जुआ और अवैध शराब का कारोबार होता है। ऐसे थाना क्षेत्रों में पदस्थापना पाने पुलिसकर्मी काफी प्रयासरत रहते हैं। ऐसे पुलिसकर्मियों की पहचान कर उन्हें ऐसे थाना क्षेत्रों से हटाकर उनकी जगह नए पुलिसकर्मी को भेजना होगा जो अवैध कारोबार को लेकर सख्त रुख अपनाए और यह पूरी तरह से बंद हो सके। जिले में अवैध कारोबार का जाल काफी फैलता जा रहा है। कोयला, जुआ सहित अवैध शराब को लेकर अब कड़े रुख की जरूरत है, नशीली दवाओं को लेकर भी अब पुनः अभियान की जरूरत है क्योंकि कई छोटे अपराध की वजह है नशा और नशे की लत की वजह से भी अपराध घटित होते हैं ऐसा कहना गलत नहीं होगा। जिले में आए एक पुलिस अधीक्षक ने नशीली दवाओं के मामले में अभियान चलाया था तब जिले में नशीली दवाओं का कारोबार पूरी तरह बंद हुआ था वैसा ही अब कुछ होना चाहिए जिससे अवैध कारोबारी भयभीत होकर पलायन कर जाएं।

### पुलिस विभाग में बेहतर पुलिसिंग के कसावट व फेरबदल जरुरी

नए पुलिस अधीक्षक को अब जिले में एक बार पूरी तरह से पुलिस विभाग में फेरबदल भी करना होगा जिससे पुलिसिंग में कसावट आए और अपराध चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। वैसे जिले के कई पुलिस थानों में ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो योग्य हैं जिनका सूचना तंत्र और जिनका अनुभव काफी अच्छा है अपराध मामलों में लेकिन उन्हे मौका बेहतर जगह नहीं मिल पाया और वह कहीं न कहीं किनारे पड़े हुए हैं वहीं कई ऐसे भी पुलिसकर्मी हैं जो मनचाही जगह पदस्थ तो हैं लेकिन उनका होना न होना किसी मतलब का नहीं है क्योंकि उन्हे अवैध कारोबार और उससे जुड़े लोगों से जुड़ाव कायम कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना है अन्य अपराध या सजगता मामले में वह निष्क्रिय हैं। कई तो नशे में धुत्त रहने वाले भी हैं जिन्हे कानून व्यवस्था से कोई वास्ता नहीं किसी तरह उनका काम चलाता रहे उसी में उनका दिमाग चलता रहता है। कुल मिलाकर नए पुलिस अधीक्षक के लिए जितनी चुनौती अपराध को रोकने की होगी,चोरियों को रोकने की होगी, अवैध कारोबार को रोकने की होगी उससे कहीं अधिक उन्हे चुनौती का सामना अपने ही विभाग के कर्मचारियों को सुधारने में करना होगा जो माना जा रहा है।

### नए पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली है साफ सुथरी,जिले में दिखेगा कानून व्यवस्था का राज ऐसी है अब उम्मीद

नए पुलिस अधीक्षक को लेकर माना जाता है की उनकी कार्यप्रणाली साफ सुथरी छवि वाली है और वह तेज तर्रार माने जाते हैं कानून व्यवस्था लागू करने के मामले में। एक ही बार उन्हे अब तक जिले का इसके पूर्व के प्रभार मिला था जहां उन्होंने कम समय में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ की थी जो देखा गया था। अब कोरिया जिले में भी उनकी वही छवि देखने को मिलेगी और जिले में कानून व्यवस्था का राज होगा ऐसा माना जा रहा है।

### जिले में पुलिस विभाग में करना होगा फेरबदल, तब देखने को मिलेगी पुलिसिंग में कसावट

नए पुलिस अधीक्षक को जिले के पुलिस विभाग में काफी फेरबदल करने की जरूरत होगी, तब जाकर जिले में बेहतर पुलिसिंग देखने को मिलेगी ऐसा माना जा रहा है। वर्षों से मनचाही जगह पदस्थापना लेकर मजा काट रहे कई पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक को इधर से उधर करना होगा जिससे की उन्हे भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो और वह भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का विचार मन में उत्पन्न करें। जिले में मनचाही जगह काम करना चाहने वालों की संख्या पुलिसकर्मियों में ज्यादा है,अधिकांश पुलिसकर्मी पहुंच पकड़ के सहारे एक ही जगह या मनचाही जगह काम करना चाहते हैं और जिसकी वजह से भी कानून व्यवस्था की स्थिति लचर हो रही है।

### गृह थाना क्षेत्रों से दूर भेजकर पुलिसकर्मियों को देनी चाहिए चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी,तब सुधर सकेगी कानून व्यवस्था की स्थिति

जिले में पुलिसकर्मी अपने गृह थाना क्षेत्रों में ही काम करना ज्यादा पसंद करते हैं।इसके पीछे की वजह यह है की वह पहचान और अपनी पकड़ के सहारे अपना भी स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। नए पुलिस अधीक्षक को गृह क्षेत्रों से पुलिसकर्मियों को हटाना होगा अन्य जगह भेजकर चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी उन्हे देना होगा तब जाकर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो सकेगी। जब तक गृह थाना क्षेत्रों में ही पुलिसकर्मी लगातार काम करते रहेंगे कानून का भय लोगों के मन में उत्पन्न नहीं होगा और अपराध में कमी की उम्मीद करना बेमाने होगा। कुल मिलाकर नए पुलिस अधीक्षक को छोटे से जिले में कानून व्यवस्था के लिए बहुत कुछ करना होगा जिससे कानून के प्रति लोगों का विश्वास कायम रह सके। वैसे नए पुलिस अधीक्षक को लेकर माना जाता है की वह कानून व्यवस्था मामले में कड़ा रुख ही अख्तियार करने वाले हैं और वह जिले में कानून व्यवस्था को पूरी तरह स्थापित करने प्रतिबद्ध हैं।

# संकुल स्तर पर प्रदर्शन,शाला के रूप में हुनर के झोला अंतर्गत गणित एवं विज्ञान किट की प्रदर्शनी



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत, हुनर के झोला अंतर्गत गणित एवं विज्ञान किट का प्रदर्शन किया गया। साथ ही समाज मे प्रचलित अंधविश्वास पर गतिविधि का आयोजन किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला आज़ाद नगर, विकासखंड- बैकुंठपुर, जिला-कोरिया छत्तीसगढ़ में राज्य समन्वयक राज कुमार चाफेकर, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, जिला मिशन समन्वयक संजय सिंह, एपीसी श्याम शंकर, कोरिया के सफल मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला आज़ाद नगर में पदस्थ सहायक शिक्षिका परवीन बानो के द्वारा हुनर का झोला तैयार किया गया। जिसके अन्तर्गत गणित एवं विज्ञान के सहायक शिक्षण सामग्री तैयार की गई,जो लर्निंग आउटकम पर आधारित है। यह सामग्री आसपास पाई जाने वाले वस्तुओ से तैयार की गई है। साथ ही विभिन्न वेबसाइट का सहयोग लेकर बच्चों के लिए खिलौने भी बनाये गए। इन सभी सामग्रियों के सहयोग से छात्रों को विषय वस्तु मनोरंजनात्मक तरीके से सीखने को मिलेगी। साथ ही छात्र आस-पास की बेकार पड़ी वस्तुओ से स्वयं के लिए खिलौने आदि बनाना सीख सकेंगे।

समस्त सामग्रियों का निर्माण कर संकुल स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।समस्त शिक्षकों को आमंत्रित कर सामग्रियों से परिचय कराया। छात्रों के लिए बनी ,शिक्षात्मक व उपयोगी सामग्रियां सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। सभी शिक्षक प्रेरित हुए। कार्यक्रम के अगले क्रम से सभी शिक्षकों के साथ प्रचलित अंधविश्वास पर भी चर्चा किया गया। पोटासियम परमैगनेट, ग्लिसरीन, मिथाइल ऑरेंज का उपयोग कर,कुछ चमत्कार भी दिखाए गए कुछ प्रयोग भी दिखाए गए। इन सभी चमत्कारो का विज्ञान से संबंध होता है,अतः आवश्यकता है कि छात्रों व आसपास के लोगो को हम इससे परिचित कराये। संकुल समन्वयक श्री संतोष सिंह व प्राथमिक शाला आज़ाद नगर के प्रधान पाठक राजू यादव के नेतृत्व में हुनर के झोला कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# क्या डॉ.प्रिंस जायसवाल सलाहकार रहेंगे कोरिया के और प्रभारी डीपीएम रहेंगे सूरजपुर के ?

» कोरिया में तो सकारात्मक कार्य नहीं दिखा अब क्या सूरजपुर में सकारात्मक कार्य दिखेगा ?

» क्या बसदेई जवाहर नवोदय विद्यालय ने ऐसी शिक्षा दी प्रिंस जायसवाल ?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को लेकर चर्चाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही स्थानांतरण से पहले कैसे इनका प्रभार छूट इसे लेकर चर्चा थी, अब स्थानांतरण के बाद कब यह जाएंगे इसे लेकर चर्चा है, वही स्थानांतरण के बाद एक बड़ा सवाल भी खड़ा है जब वह जिला सलाहकार के साथ प्रभारी डीपीएम है तो ऐसे में सवाल यह भी खड़ा होता है कि क्या डॉक्टर प्रिंस जायसवाल कोरिया में जिला सलाहकार होंगे और सूरजपुर में प्रभारी डीपीएम होंगे? यदि ऐसा होता है तो क्या कोरिया व सूरजपुर दोनों जिले से इनका नता बना रहेगा? प्रिंस जायसवाल इस समय स्वास्थ्य विभाग के चाणक माने जाने लगे हैं। कोरिया जिले के एनएचएम में जिला सलाहकार (आरएम एनसीएच प्लस ए) को कोरिया कलेक्टर ने प्रभारी डीपीएम बना दिया, बाद में भाजपा सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें पदोन्नत कर सुरजपुर जिले का प्रभारी डीपीएम बना दिया। स्वास्थ्य विभाग के



सीएमएचओ किसी भी कीमत पर उसे रिलीव करने को तैयार नहीं है, क्योंकि वो खुद तमाम अनियमितताओं के साझेदार है। इसलिए स्थानांतरण होने के बाद भी विभिन्न प्रशिक्षणों में अभी भी प्रभारी डीपीएम को ही रायपुर भेज रहे है। ताकि ये सिलसिला आचार संहिता तक जारी रहे।

ज्ञात हो की कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में वर्ष 2022 से हुए भ्रष्टाचार को लेकर जिला प्रशासन कोई कार्यवाही करने के मूड में नहीं है, जिला प्रशासन के सहयोग से प्रभारी डीपीएम और सीएमएचओ ने जमकर वित्तीय अनियमितताएं की है। सूत्र बताते है कि सीएमएचओं डॉ सेंगर की सीएस का अतिरिक्त प्रभार लेने के सपने पर घटती-घटना ने पानी फेर दिया था,अब वो नई चाल चलने की तैयारी में है, जिससे उन्हें वित्तीय लाभ मिलता रहे और दस्तावेज भी सुरक्षित रह सके। दरअसल, जिले में दो जिला सलाहकार (आरएम एनसीएच प्लस ए) के पद है, एक प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल और दूसरा पुष्पेंद्र सोनी पदस्थ है। अब जुगत यह लगाया जा रहा है कि जब तक सुरजपुर के डीपीएम यहां प्रभार नही लेते तब तक पुष्पेन्द्र सोनी को देने की तैयारी है, नियमों को दरकिनार कर फिर सीएमएचओ नई चाल चल रहे है। पहले से ही जिला लेखा प्रबंधक को किनारे कर रखा है। पुष्पेन्द्र सोनी चिरमिरी से आना जाना करते है और एमसीबी के निवासी है, मुख्यालय में वो नहीं रहते है। इस प्रभार के लिए जिलामुख्यालय में रहना आवष्यक है, जो कि एनएचएम की पहली शर्त है। सूत्र यह भी बता रहे है कि तमाम तरह के प्रशिक्षण का काम देखने वाला ये कर्मचारी पूरा खेल परदे के पीछे से खेल रहा हे।

### दस्तावेज कार्यालय में नहीं

वर्ष 2022 में अक्टूबर माह से हुई तमाम खरीदी के दस्तावेज एकदम गोपनीय तरीके से रखे गए है,सूत्र बताते है कि ये सारे दस्तावेज अधिकारी अपने घर में रख इसे किसी को देने और दिखाने को तैयार नही है। ना सिर्फ एनएचएम बल्कि जिला अस्तपाल बैकुंठपुर की तमाम तरह की खरीदी भी सीएमएचओ और प्रभारी डीपीएम के द्वारा की गई है, जिसमें कई अधिकारियों के हस्ताक्षर भी दबाव में करवाए गए है। धीरे धीरे अब अधिकारी इस पर खुल कर सामने आने लगे है। यही कारण है कि कोई भी दस्तावेज आरटीआई के तहत प्रदान नहीं किए जा रहे है।

### क्या बसदेइ जवाहर नवोदय विद्यालय का डूबा रहे नाम ?

खुद को बसदेइ जवाहर नवोदय विद्यालय का छात्र बताने में डीपीएम की शिक्षा पर अब नवोदय विद्यालय भी शरमा रहा होगा कि यही उन्होने यही शिक्षा दी है कि उनके स्कूल का यह छात्र हर दिन अखबार की सुर्खियां बन रहा है। उनके विद्यालय की हंसी उडाई जा रही। स्वास्थ्य विभाग जैसे संवेदनषील विभाग उसमें भ्रष्टाचार की हदे पार कर खुद को मसीहा बताने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सुरजपुर जाने के पूर्व खुद का माहौल मीडिया में बनाया जा रहा है कि देखिए मै ही हूँ वो बसदेइ का सुपर छात्र तो इस समय कोरिया का सुपर कलेक्टर हूं

### गुप्त होती है मंत्रणा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरएस सेंगर और प्रभारी डीपीएम के बीच रोजाना अपने कमरे को अंदर से बंद करके गुप्त मंत्रणा होती है, सूत्र बताते है कि सरकारी मेल में आए कई मेलों को सीधे डीलीट कर दिया जाता है, ताकि सरकारी निर्देषों की भनक विभाग के किसी और कर्मचारी को न लग सके। सीएमएचओ की नजर में सिर्फ एक डीपीएम की जिम्मेदार अधिकारी है जिन्हें हर प्रशिक्षण में भेजा जाता है, सूत्र बताते है कि 4 से 7 मार्च तक होने वाले प्रशिक्षण में उन्हे फिर सीएमएचओ ने भेज दिया है, यह जानते हुए भी कि उनका स्थानांतरण सुरजपुर हो चुका है।

# क्या खुद के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के प्रमाण-पत्रों की जांच करा पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री ?



» आखिर स्वास्थ्य मंत्री क्यों नही छोड़ पा रहे दागदार अधिकारी का साथ ?

» खुद स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में की थी घोषणा करांएगे प्रमाण पत्रों की जांच

### स्वास्थ्य संचालक का पत्र रद्दी की टोकरी में

दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध संचालक स्वास्थ्य सेवांए छत्तीसगढ शासन ने अध्यक्ष संभागीय मेडिकल बोर्ड संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर को एक पत्र के माध्यम से सूचित किया था जिसमें कार्यवाही का उल्लेख था। पत्र के अनुसार अवर सचिव छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अधिकारियों का माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 91 के प्रावधानानुसार निर्धारित प्रमाण पत्र में दिव्यांगता प्रमाण पत्र का परीक्षण एवं समक्ष में जांच मेडिकल बोर्ड शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर मे कराने हेतु एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित करने हेतु लिखा गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित सुश्री रेखा चंद्रा,सुश्री अकांक्षा पांडेय,संजय कुमार मरकाम एवं अभिषेक तिवारी का दिव्यांगता का परीक्षण एवं जांच एक निश्चित तिथि एवं समय निर्धारित कर निर्धारित तिथि समय पर संबंधित अधिकारियों को संभागीय मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने हेतु सूचित करने कहा गया था एवं प्राप्त निष्कर्ष से अवगत कराने हेतु कहा गया था। लेकिन लंबा समय व्यतीत होने के बाद भी उक्त पत्र पर किसी प्रकार की कार्यवाही नही हुई जिससे माना जा सकता है कि यह पत्र रद्दी की टोकरी में पद और प्रभाव के गलत इस्तेमाल के कारण फेंका जा चुका है।


क्या खुद के दागी विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का संलग्नीकरण समाप्त कर पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री ?

### संजय मरकाम हैं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मरकाम को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है, उन पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी पाने का आरोप है। बतलाया जाता कि श्री मरकाम द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए जांच को दबवा दिया जाता है जिससे वे शासकीय सेवा में बने हुए हैं। घटती-घटना के पास जो दस्तावेज मौजूद हैं उसके अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित संजय कुमार मरकाम पिता रामचंद्र मरकाम निवासी कॉलेज रोड नवापारा सूरजपुर ने हेमुनगर बिलासपुर का पता बतलाते हुए जिला चिकित्सालय बिलासपुर से अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था और खुद को श्रवण (सुनने) में दिव्यांग बतलाकर प्रमाण पत्र बनवाया था। शिकायत के बाद जांच भी हुई कार्यवाही लंबित है लेकिन जांच को बाधित किया जाता है। हलांकि घटती-घटना के सूत्र ने खुद श्री मरकाम से स्वास्थ्य मंत्री के शासकीय आवास में काफी मंद गति से बात किया और यह महसूस किया कि उन्हे सुनने में किसी प्रकार की परेशानी नही है।

-रवि सिंह-
रायपुर/कोरिया 04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अपने साथ दागदार और किसी ना किसी मामले मे घिरे अधिकारियों को साथ लेकर चल रहे हैं दागी अधिकारियों के भरोसे वे छत्तीसगढ की बदहाल स्वास्थ्य सुविधा को कैसे पटरी पर लाएंगे यह बड़ा सवाल है। खबर प्रकाशन कर बार-बार उन्हे आगाह किया जा रहा है लेकिन उसके उलट उनके साथ दागियों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है,राजधानी रायपुर स्थित स्वास्थ्य मंत्री के बंगले में दागी स्टॉफ की भरमार है। सूत्र बतलाते हैं कि मंत्री के निज सचिव की मुख्य भूमिका इन सभी अधिकारियों को संरक्षण देने में है मंत्री भी निज सचिव के इशारे पर नाचते हैं ऐसा सूत्रों का कहना है। विधानसभा में घोषणा करांएगे प्रमाण पत्रों की जांच,क्या दागी अधिकारी के प्रमाण पत्र की होगी जांच- छत्तीसगढ विधानसभा का सत्र अभी हाल ही में संपन्न हुआ है जिसमें एक सदस्य के द्वारा किए गए सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने घोषणा की है कि फर्जी प्रमाण पत्रों की जांच कराएंगे। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद एक सवाल पैदा हो रहा है कि क्या स्वास्थ्य मंत्री वास्तव मे संवेदनशील हैं और अपनी घोषणा पर कायम रहेंगे। क्या अन्य प्रमाण पत्रों की जांच के साथ ही उनके द्वारा खुद के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी संजय मरकाम के दिव्यांग प्रमाण पत्र की जांच कराएंगे। या फिर उनका घोषणा महज दिखावा ही साबित होगा।

## राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार मदों पर किये जाने वाले व्यय के निर्धारण के संबंध में बैठक

-संवाददाता-
सूरजपुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न मदों पर किये जाने वाले व्यय के मानक दर का निर्धारण किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक आहूत किया गया। जिसमें दर निर्धारण समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में जो मानक दर का निर्धारण किया गया था उस सूची का अवलोकन कर उस सूची में आंशिक संशोधन करते हुए कला जत्था एवं पानी के टैंकरों के दरों का निर्धारण किया गया एवं शेष सामग्रियों का दर यथावत रखे जाने हेतु सभी सदस्यों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु उक्त दर को ही अनुमोदित किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। साथ ही सहायक मतदान केन्द्रों के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान तीनों आरओ के द्वारा जिले के किसी भी मतदान केन्द्रों में 1500 से अधिक मतदाता नहीं होने के संबंध में जानकारी दी गई थी। जिसे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया एवं उनके द्वारा जिले में एक भी सहायक मतदान केन्द्र नहीं बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किये जाने हेतु सहमति दिया गया। उक्त बैठक में व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर (अपर कलेक्टर) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा, व्यय अनुवीक्षण सहायक नोडल अधिकारी अनिल बारी (जिला कोषालय अधिकारी) तथा अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालको अस्पताल ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

-संवाददाता-
कोरबा,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में हिस्सा लिया। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 900 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अस्पताल में नन्हे-बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। पल्स पोलियो कार्यक्रम में बालको अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों ने बच्चों को खुराक पिलाई। दवा पिलाने के लिए बालको अस्पताल द्वारा बालकोनगर के 10 विभिन्न स्थानों पर तीन दिन दिवसीय अस्थायी शिविर लगाकर अलग-अलग टीमें तैनात की गई थी । एक चलित मोबाइल वैन की मदद से भी जगह-जगह पोलियो की खुराक दी गई। बालको बस स्टैंड पर भी शिविर लगाया गया जिससे यात्रा कर रहे नन्हें बच्चों को भी दवा की खुराक दी जा सके। 4 एवं 5 मार्च को बालको अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा घर-घर टीकाकरण किया जाएगा।

आगे जानकारी देते हुए बताया गया के बालको के 100 बिस्तरों के सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल ने अपने विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से बालको कर्मचारियों, उनके परिवारजनों,ठेका श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति पूरी दक्षता से कर रही है,साथ ही बालको अस्पताल में 10 आईसीयू और 6 पीडियाट्रिक्स आईसीयू बेड मौजूद है जहां गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों का इलाज एमडी मेडिसिन की देखरेख में किया जाता है। वही जागरूकता शिविर के तहत,बालकोनगरवासियों में एचआईवी एड्स, टीबी एवं अन्य स्वास्थ्य जागरूकता के प्रसार और विभिन्न दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने में बालको अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों ने सराहनीय योगदान दिया है। बालको अस्पताल से हर साल छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिलों से 2,50,000 से अधिक मरीज लाभान्वित हो रहे हैं एवं आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों को बालको अस्पताल में क्रियान्वित किया जाता है।

## श्रम मंत्री ने बालको में किया शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का शुभारंभ

-संवाददाता-
कोरबा,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज कोरबा जिले के बालको में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रुपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी श्रमिकों को भोजन परोसने के साथ भोजन भी किए और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में भोजन अवश्य करें। श्रम मंत्री ने इस पहल को गरीब श्रमिकों के लिए लाभदायक बताते हुए श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिवार के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों ने सड़क, पुल-पुलिया, महल सहित अन्य बड़े-बड़े कार्य किए हैं। उद्योग मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिले। दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि उन्होंने भी गरीबी को बहुत ही करीब से देखा है। इसलिए वे श्रमिकों की आवश्यकताओं को भलीभांति जान और समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 21 स्थानों पर दाल-भात केंद्र प्रारंभ है। अन्य 22 स्थानों पर भी इसका संचालन किया जाएगा। कोरबा जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलजुल कर इस योजना को अच्छे से चलाएंगे और सभी श्रमिकों को भोजन उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, नर्मदा लहरे, ईश्वर साहू, नरेंद्र पाटनवार, प्रफुल्ल तिवारी, आकाश श्रीवास्तव सहित सहायक श्रम आयुक्त राजेश आदिले, बाल्को के अवतार सिंह, प्रज्ञा पाण्डेय तथा श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

## सजग कोरबा के तहत पुलिस के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा 04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 03/03/2024 को थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही किया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरणों में लगभग कुल 30000 रुपए वसूलने के साथ-साथ उनका लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है साथ ही पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग भी किया गया एवं गलत तरीके से वाहन चलाने वालों पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की गई है ।

## चोरी का कोयला परिवहन करने वाले 7 व्यक्ति पकड़ाए

### 21 बोरी कोयला जप्त,थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,04 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



थाना रामानुजनगर पुलिस ने चोरी का कोयला परिवहन करते 7 लोगों को मोटर सायकल सहित 21 बोरी कोयला जप्त कर गिरफ्तार किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है।

इसी कड़ी में दिनांक 03.03.24 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि गायत्री, रेहर व साल्ही आमगांव खदान से कोयला चोरी कर कई लोग मोटर सायकल से मंहगई की ओर जा रहे है। सूचना पर थाना रामानुजनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ग्राम मंहगई में घेराबंदी कर मसतराम उम्र 35 वर्ष ग्राम मंहगई, विफल उम्र 40 वर्ष ग्राम मंहगई, देवकुमार उम्र 30 वर्ष ग्राम नावापारा खुर्द, बसंत यादव उम्र 30 वर्ष ग्राम भदवाही थाना उदयपुर, लालसाय उम्र 23 वर्ष ग्राम घुचापुर थाना उदयपुर, रामप्रसाद उम्र 28 वर्ष ग्राम करौली थाना उदयपुर व कामेश्वर उम्र 30 वर्ष ग्राम घुचापुर थाना उदयपुर को मोटर सायकल सहित जिसमें कोयला लोड़ था पकड़ा। इन लोगों से कोयला संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर धारा 41(1-4)/379 भादसं. के तहत कार्यवाही कर 21 बोरी कोयला 10 क्विंटल 50 किलोग्राम कीमत 4200 रूपये, परिवहन में प्रयुक्त 07 नग मोटर सायकल जप्त कर सातों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, माधव सिंह, क्षेत्रपाल, प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी, आरक्षक अमलेश्वर कुमार, विकास सिंह व दीपक यादव सक्रिय रहे।


**सूचना**

मै अजय कुमार पारडे आ0 स्व0 प्रेमलाल पारडे निवासी नमनाकला अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0 मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुर खुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 में स्थित है, जिसका रजिस्ट्री का मूल कागजात रजिस्ट्री दिनांक-27/03/2005 को हुआ था, जिसका मूल कागजात की फोटो कापी कराने बाहर में गया हुआ था कि-15-16 दिन पूर्व उक्त रजिस्ट्री का कागजात कहीं गुम हो गया है, जो बहुत खोजबीन के बाद भी नहीं मिल सका है, जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त रजिस्ट्री की प्रति मिले वह मुझे इस नंबर पर सम्पर्क करें 9826113445 वापिस करने की कृपा करे।

अजय कुमार पारडे
आ0 स्व0 प्रेमलाल पारडे
निवासी नमनाकला
अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0
**मो.नं. 9826113445**



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद प्रकाश एक्का आ0 जुनस एक्का जाति उरांव निवासी गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 22/6 रकबा 0.081 हे0 में से 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा.(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरफराज अहमद आ0 मुस्तकमि अंसारी जाति जुलाहा निवासी खोगांपानी तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नावागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 145/38 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि ले-आउट, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अफसाना परवीन पत्नी साबिर अली जाति जुलाहा मुसलमान निवासी खोगांपानी तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नावागढ़ तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 145/37 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि ले-आउट, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 18/03/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बंजा को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला जायसवाल पति श्री रामचन्द्र जायसवाल निवासी बंजा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 2520/7, 2520/8 रकबा 0.01, 0.02 हे0 जो ग्राम बंजा प0ह0नं0 10 रा0नि0मं0 शिवप्रसादनगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत बंजा के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 11/03/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा0) भैयाथान जिला-सूरजपुर छ.ग.

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीएसके का मैच विनर प्लेयर आधे सीजन से हुआ बाहर

**क्राइस्टचर्च,04 मार्च 2024।** आईपीएल 2024 के आगाज में अब चंद हफ्ते बाकी हैं, लेकिन इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को करारा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड के विस्फोटक ओपनर डेवोन कॉनवे आधे से ज्यादा सीजन तक टीम से बाहर हो सकते हैं।



डेवोन कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे पर चोट लग गई। उन्हें इस हफ्ते सर्जरी करवानी है, जिससे वह कम से कम आठ हफ्ते तक बल्ला नहीं उठा पाएंगे। चोटिल होने के कारण उन्हें पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और फिर टेस्ट से भी बाहर होना पड़ा।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस मामले में अपडेट देते हुए कहा है कि स्टार ओपनर डेवोन कॉनवे चोटिल हो गए हैं और उन्हें ठीक होने में कम से कम आठ हफ्ते लगेंगे। इस ताजा अपडेट के अनुसार यह स्पष्ट है कि कॉनवे आईपीएल 2024 के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है और पहले मैच में सीएसके का सामना चेन्नई के चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होगा।

### पैट कमिंस बने सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान

**मंबई, 04 मार्च 2024।** आईपीएल फ्रेंचाइजी सन राइजर्स हैदराबाद ने आज आगामी आईपीएल 2024 के लिए अपने नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। टीम ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस को अपना नया कप्तान चुना है। पैट कमिंस कप्तानी के मामले में एडन मारक्रम को रिप्लेस करेंगे जिन्होंने पिछले सीजन एसआरएच की कमान संभाली थी। उनकी अगुवाई में हैदराबाद का परफॉर्मेंस बेहद खराब रहा था, टीम 14 में से 10 मैच हारकर पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 10वें पायदान पर रही थी। टीम का परफॉर्मेंस सुधारने के लिए हैदराबाद टीम मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया है।



# सात्विक और चिराग उतरेंगे फ्रेंच ओपन में

**पेरिस,04 मार्च 2024।** पिछली तीन प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 2022 की अपनी सफलता को दोहराने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। सात्विक और चिराग की विश्व में नंबर एक जोड़ी नवंबर में चीन मास्टर्स सुपर 750, जनवरी में मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में फाइनल की बाधा पार करने में नाकाम रही थी। फ्रेंच ओपन में यह भारतीय जोड़ी हालांकि खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारत के चोटी के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से पोर्ट डे ला चैपल में एडिडास एरेना को समझने का मौका भी मिलेगा जहां पेरिस ओलंपिक के दौरान बैडमिंटन के मैच खेले जाएंगे। सात्विक और चिराग ने 2022 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। वह मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु के लिए भी यह टूर्नामेंट बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने चार महीने तक बाहर रहने के बाद मलेशिया में खेली गई एशियाई चैंपियनशिप में वापसी की थी। दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेगी। प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर उनका सामना तीन बार की पूर्व विश्व चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है। पुरुष एकल में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वह यहां उससे बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। उनका पहला मुकाबला चीन के लू गुआंग ज़ू से होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल लक्ष्य सेन पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनको पहले दौर में ही जापान के कांता सुनेयामा की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी अपने शुरुआती मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन से कड़ी चुनौती मिल सकती है, जबकि युवा प्रियांशु राजावत पहले दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन का सामना करेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ियां पहले दौर में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।



## केएल राहुल लौटे स्वदेश

### चोट के बाद अब आईपीएल 2024 में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024।** भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल लंदन से स्वदेश लौट चुके हैं। दरअसल, राहुल क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट नहीं खेल पाए थे। जिसके लिए उन्होंने पिछले साल सर्जरी कराई थी। वहीं अब वो इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट होने की राह पर हैं। अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द महसूस करते हुए, राहुल ने अपनी चोट पर विशेषज्ञ की राय लेने के लिए लंदन की यात्रा की थी।

एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि, उन्होंने लंदन में टॉप चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्थ किया था। वह रविवार को भारत लौटे और पुनर्वास के लिए बेंगुलुरु स्थिति एनसीए में जांच की है। उन्हें जल्द ही एनसीए से रिटर्न टू प्ले सर्टिफिकेट मिलना चाहिए। वह अपनी योग्यता साबित करने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल में वह कीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीममें चयन के लिए कतार में हैं।



## कैंडी में युवराज और हरभजन सिंह के बीच मुकाबले के साथ लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी की शुरुआत होगी

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024।** लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी नजदीक है, और जैसे ही नए 90-बॉल टूर्नामेंट का पहला मैच नजदीक आएगा, हम भारत के दो खिलाड़ियों के साथ टाइटन्स की भिड़ंत देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्रिकेट के महान खिलाड़ी हरभजन सिंह और युवराज सिंह 8 मार्च से श्रीलंका के कैंडी में पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में आमने-सामने होंगे। भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह, न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स के कप्तान और आइकन खिलाड़ी , टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें डैन क्रिश्चियन , इसुरु उदाना , जेरोम टेलर , रिकार्डो पॉवेल , चमारा कपुगेदरा , राहुल शर्मा और लाहिरू थिरिमाने जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे । कुछ का नाम बताएं. दूसरी ओर, कप्तान और आइकन खिलाड़ी हरभजन सिंह के नेतृत्व में दुबई जाइंट्स में शॉन मार्श, रिचर्ड लेवी, थिसारा परेरा, फिदेल एडवर्ड्स और बेन लॉफलिन जैसे अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। दोनों पक्ष संतुलित दिख रहे हैं और रोमांचक टूर्नामेंट के शुरुआती दिन शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार होंगे। टूर्नामेंट से पहले बोलते हुए और न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स और दुबई जायंट्स के बीच शुरुआती मुकाबले पर टिप्पणी करते हुए , लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के निदेशक शावेन शर्मा ने कहा, ÷हम इस नए प्रारूप में इससे अधिक रोमांचक टूर्नामेंट ओपनर की उम्मीद नहीं कर सकते थे।÷ लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी । हरभजन और युवराज दोनों को पूरे उपमहाद्वीप में पसंद किया जाता है, और श्रीलंका में भी उनके मजबूत अनुयायी हैं। इसलिए, हम पहले गेम के लिए बड़े पैमाने पर मतदान की उम्मीद कर रहे हैं। कैंडी के प्रतिष्ठित पल्लाकेले स्टेडियम में आयोजित 90 ओवर के खेलों में टीमें पांच गेंदबाजों को तैनात करेंगी, जिनमें से प्रत्येक को अपनी छाप छोड़ने के लिए तीन ओवर दिए जाएंगे।



## इंग्लैंड-भारत मैच 7 मार्च को धर्मशाला में

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024।** जॉनी बेयरस्टो के 100वें टेस्ट मैच से पहले, जब इंग्लैंड 7 मार्च को धर्मशाला में श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में भारत से खेलेगा, पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने इस उपलब्धि को हासिल करने के करीब पहुंचने के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज की सराहना की। उनके पूर्णतः निःस्वार्थ स्वभाव और खेल को बदलने की क्षमता की सराहना करते हुए। बेयरस्टो ने अब तक भारत दौरे पर खराब प्रदर्शन किया है, पहले चार मैचों में 21 से अधिक की औसत से केवल 170 रन बनाए हैं। अब वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले इंग्लैंड के 17वें पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। .मुझे कभी संदेह नहीं हुआ कि वह एक ऐसा खिलाड़ी था जो ऐसा करने जा रहा था। क्यों? उनकी शैली के कारण पूरी तरह से निःस्वार्थ, खेल को बदलने की क्षमता के साथ। टेस्ट में विपक्षी टीम पर दबाव बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने के नाते, मैं आपको बता सकता हूं कि उसका नाम विपक्षी ड्रेसिंग रूम में व्हाइटबोर्ड पर होगा, क्योंकि वह वास्तव में अपनी स्कोरिंग गति से आपको चोट पहुंचा सकता है। 36 के औसत और 59 के स्ट्राइक रेट के साथ, वह ऐसे व्यक्ति हैं जो परिणामों को प्रभावित करते हैं। ये संख्याएँ एक विकेटकीपर के लिए आदर्श के करीब हैं, लॉयड ने डेली मेल में लिखा। उन्होंने यह भी महसूस किया कि एक विकेटकीपर के रूप में बेयरस्टो की संख्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों के बराबर है। और उनके ग्लववर्क के आलोचकों से, मैं आपसे पूछता हूं। क्या एडम गिलक्रिस्ट ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेला था? क्या महेंद्र सिंह धोनी भारत में सर्वश्रेष्ठ थे? श्रीलंका के कुमार संगकारा? हमारा अपना मैट प्रायर? न्यूज़ीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम? लॉयड ने कहा, नहीं, और प्रत्येक मामले में स्टंप के सामने टीम के लिए उनका महत्व उनके पीछे उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन से कहीं अधिक है।




## दीपक पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वॉलीफायर के शुरुआती दिन हारे

**बस्टो अर्सिजियो, 04 मार्च 2024।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा) इटली के बस्टो अर्सिजियो में पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दिन अजरबैजान के हुसेनोव निजात से हार गए।

पहले दो राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला क्योंकि दोनों मुक्केबाज शुरू से ही आक्रामक दिखाई दिए। अजरबैजान के युवा मुक्केबाज ने रिंग में दीपक के लिए मुश्किलें पैदा करते हुए अपनी गति और तेज चाल का पूरा फायदा उठाया। दीपक पहले और दूसरे दोनों राउंड में समान 2-3 स्कोर से हार गए। भारतीय मुक्केबाज़ ने अंतिम दौर में पूरी ताकत से प्रदर्शन किया और कुछ बेहतरीन प्रहार किए। उन्होंने राउंड 4-1 से जीता लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि निजात ने विभाजित निर्णय के तहत मुकाबला 3-2 से जीत लिया।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र (+92 किग्रा) और राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन (60 किग्रा) आज रात क्रमशः जर्मनी के नेल्वी टियाफैक और जापान की अयाका तागुची के खिलाफ एक्शन में होंगे। सोमवार देर रात, राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) ईरान के घेशलाघी मेसम के खिलाफ 64वें राउंड में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

मंगलवार को दो भारतीय मुक्केबाज अपने-अपने राउंड 64 के मुकाबले के लिए मैदान में उतरेंगे। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) उज्बेकिस्तान के रुस्लान अब्दुल्लाव के खिलाफ और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) ग्रेट ब्रिटेन के रिचर्डसन लुईस के खिलाफ आमने-सामने होंगे।

युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) का सामना फ्रांस की सोनविको एमिली से होगा, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किग्रा) का सामना बुधवार को कजाकिस्तान के एबेक ओरलबे से होगा।

2023 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) को अपने पहले दौर में बाई मिली और वह शुक्रवार को 32वें दौर के मुकाबले में उतरेंगे।

पहला विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट 590 से अधिक मुक्केबाजों की मेजबानी कर रहा है और कुल 49 कोटा प्रदान करेगा, जिसमें पुरुषों के लिए 28 और महिलाओं के लिए 21 कोटा शामिल हैं।



## दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी उम्मीदों को और पुख्ता किया

**नई दिल्ली,04 मार्च 2024।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग 2024 में 3 मार्च को गुजरात जायंट्स के खिलाफ 25 रनों से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और पुख्ता कर दिया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की जीत के बाद महिला प्रीमियर लीग के आधिकारिक अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज और राधा यादव के बीच बातचीत हुई है। राधा और जेमिमा दोनों ही दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। राधा यादव ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ चार ओवर में महज 20 रन खर्चकर तीन विकेट चटकाए। वहीं जेमिमा के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा और वह 10 गेंदों में सात ही रन बना पाई और आउट हो गई। मैच के बाद जेमिमा ने बताया कि राधा हर मैच से पहले विराट कोहली के एग्रेशन वाले वीडियो देखकर खेलने उतरती हैं। वहीं जेमिमा ने मैच के बाद राधा को लेकर एक खुलासा किया और कहा कि, मैं राधा के फोन पर यूट्यूब पर गाने चला रही थी, और यूट्यूब हिस्ट्री में पता है क्या था? विराट कोहली एग्रेशन वीडियो, वो रोज मैच से पहले विराट कोहली एग्रेशन वीडियो देखकर जाती है। उसके बारे में जरा बताओ आप?इस पर राधा कहती हैं कि, मैच में थोड़ा पम्प्ड अप रहना चाहिए। वो मेरे आइडिल हैं, उनको मैं मैच से पहले हमेशा देखती हूं। वो किस पैशन से खेलते हैं। तो मैं काफी रिलेट कर सकती हूं उनको, इसलिए मैं देखती हूं।



## भारत-पाकिस्तान के बीच जबरदस्त भिड़ंत 9 को




**नई दिल्ली,04 मार्च 2024।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए सामान्य टिकटों की बिक्री लाइव होने और पुनर्विक्रय वेबसाइट पर आने के साथ, वीआईपी टिकटों की बिक्री आश्चर्यजनक मात्रा में पहुंच गई है। स्टबहब और सीटगीक जैसी पुनर्विक्रय वेबसाइटों पर, कीमतें कथित तौर पर 40,000 तक बढ़ गई हैं, फीस 10,000 के करीब है, जिससे कुल 50,000 से अधिक हो गया है। यूएसए टुडे के अनुसार, भारत बनाम पाकिस्तान (9 जून) और भारत बनाम कनाडा (15 जून) सहित मैचों के टिकट बिक गए हैं, लेकिन कीमतें मूल से दोगुनी हो गई हैं। आधिकारिक बिक्री 6 से शुरू हुई, जबकि सबसे महंगी सीटों के लिए बिना कर के 400 का शुल्क लिया गया। दोनों देशों के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण, भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव यकीनन सबसे अधिक प्रचारित है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2022 मैच को आयोजन स्थल पर 90293 लोगों ने देखा।



## उस्मान ख्वाजा को अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टिकर हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा

**वेलिंगटन, 04 मार्च 2024।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने ब्लैक डव स्टीकर को लेकर विवाद को फिर से हवा दे दी है, क्योंकि उन्हें वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टीकर हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।दुर्भाग्य से, सुबह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान ख्वाजा का बल्ला टूट गया। छत्तीस वर्षीय खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी जारी रखने से पहले अपने बल्ले पर से जैतून की शाखा को पकड़े हुए कबूतर के चित्र को हटाना पड़ा, जबकि मैट रेनशॉ एक अतिरिक्त बल्ले के साथ मैदान पर आ गए।अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान कबूतर का चित्र लगाने के ख्वाजा के अनुरोध को खारिज कर दिया, इसे ÷राजनीतिक विरोध÷ कहा। इसके बावजूद, क्वींसलैंडर ने अपने नेट सत्र के दौरान इसे पहनना जारी रखा है। इसके बावजूद, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस्लामाबाद में पैदा हुए खिलाड़ी को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है।

## तमन्ना ने शोबिज में 19 साल पूरे कर लिए



यह 19 साल पहले की बात है, जब तमन्ना भाटिया की पहली फिल्म चांद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज हुई थी। हालांकि, अभिनेत्री के लिए यह सिर्फ शुरुआत है। तमन्ना ने सोमवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने प्रशंसकों के पोस्ट दोबारा साझा किए, जिसमें उन्हें इंडस्ट्री में 19 साल पूरे करने पर बधाई दी गई। उन्होंने अपने सभी प्रशंसकों और फॉलोअर्स को धन्यवाद दिया। एक पोस्ट में, तमन्ना ने लिखा केवल शुरुआत है मेरे प्यारे। रविवार रात तमन्ना की दोस्त काजल अग्रवाल ने भोला शंकर अभिनेत्री को इस उपलब्धि पर बधाई देने के लिए एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) का सहारा लिया। अभिनेत्री ने प्रशंसकों द्वारा बनाए गए पोस्टर भी साझा किए और इसे कैप्शन दिया स्र19ग्लोरियसइयर्स ऑफ तमन्नाह, लगभग 2 दशकों की प्यारी तमन्ना भाटिया को बहुत-बहुत बधाई। आपके प्यारे प्रशंसकों द्वारा बहुत प्यारे पोस्टर। इस इशारे पर प्रतिक्रिया देते हुए, तमन्ना ने लिखा काजू का ऐसा करना बहुत अच्छा है और आप लोगों का विचारशील होना। चाँद सा रोशन चेहरा 2005 में रिलीज़ हुई थी। शबाह शम्सी द्वारा निर्देशित रोमांस ड्रामा फिल्म में समीर आफताब भी हैं। इस बीच, अपने 19 साल लंबे करियर में 80 से अधिक फिल्मों में काम कर चुकीं तमन्ना ने वाराणसी में क्राइम थ्रिलर ओडेला 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। इसका निर्देशन अशोक तेजा ने किया है। ओडेला 2 2022 की डिजिटल रिलीज ओडेला रेलवे स्टेशन का सीक्वल है।

## लोकेश कनगराज एलसीयू पर एक लघु फिल्म बनाएंगे



लोकेश कनगराज वर्तमान में उद्योग में सबसे प्रसिद्ध निर्देशकों में से एक हैं। उनकी फिल्में पहले ही फैंस और दर्शकों के बीच धमाल मचा चुकी हैं. और, फिल्म निर्माता के दृष्टिकोण और सिनेमा के प्रति प्रेम ने निस्संदेह एक्शन-संचालित फिल्मों को आकार देने में चमत्कार किया है जो अब पंथ क्लासिक बन गई हैं। उलगनायगन कमल हासन अभिनीत विक्रम और थलपति विजय अभिनीत लियो के बाद, लोकेश की सिनेमाई यात्रा ने एक नया रूप ले लिया है क्योंकि उन्होंने पहले से ही अपने लिए एक लंबी विरासत की योजना बनाई है। अब, यह बताया गया है कि लोकेश अपने सफल उद्यम एलसीयू की उत्पत्ति पर एक लघु फिल्म बनाएंगे। ऐसी अफवाह है कि निर्देशक एक लघु फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं जो एलसीयू की उत्पत्ति का वर्णन करने वाली लगभग 15-20 मिनट की होगी। उन अभिनेताओं के बारे में भी चर्चा चल रही है जो लघु फिल्म में अभिनय कर सकते हैं। अभिनेताओं की सूची में कालिदास जयराम, अर्जुन दास, नरेन, हरीश उथमन, कमल हासन और सूर्या शामिल हैं, जिन्हें विक्रम में उनके प्रतिष्ठित चरित्र रोलेक्स सर के लिए वॉयसओवर माना जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध शॉर्ट फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर संभालेंगे। यदि अफवाहें सच हैं तो लघु फिल्म बहुप्रतीक्षित सीक्वल कैथी 2 से पहले आ सकती है जिसमें कार्थी मुख्य भूमिका में हैं। थलपति विजय स्टारर लियो 19 अक्टूबर, 2023 को नाटकीय रूप से रिलीज़ हुई थी। एक्शन-थ्रिलर फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। पार्थिबन और लियो की भूमिका में सराहनीय प्रदर्शन के लिए थलपति विजय की प्रशंसा की गई। फिल्म में कई स्टार कलाकार थे जिनमें तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, गौतम वासुदेव मेनन और सैंडी मास्टर प्रमुख भूमिका में थे। विजय और तृषा ने 2004 की अत्यधिक प्रशंसित फिल्म गिल्ली के बाद स्क्रीन स्पेस साझा किया, जिसे निर्देशक धरानी ने निर्देशित किया था। उलगनायगन कमल हासन स्टारर विक्रम, जो 3 जून, 2022 को रिलीज़ हुई थी, ने अपनी अवधारणा के लिए और विशेष रूप से पावरहाउस प्रतिभा के लिए अत्यधिक प्रशंसा और प्यार प्राप्त किया, जिसमें विजय सेतुपति, फहद फ़ासिल, अर्जुन दास, कालिदास जयराम और सूर्या एक कैमियो भूमिका में थे। डिज़्नी+हॉटस्टार पर अपने ओटीटी प्रीमियर के बाद फिल्म को अधिकतम दर्शक संख्या भी मिली। लोकेश कनगराज की आने वाली फिल्में रिपोर्टों के अनुसार, लोकेश वर्तमान में थलाइवर रजनीकांत के साथ एक अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म थलाइवर 171 में अपने सहयोग के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर मानी जा रही है, जिसमें थलाइवर पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे। लोकेश ने श्रुति हासन की महत्वपूर्ण भूमिका वाले एक प्रोजेक्ट के लिए राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल के साथ भी हाथ मिलाया है।

## दुबई के डिजिटल कला संग्रहालय में श्रिया सरन का शास्त्रीय नृत्य



अभिनेत्री श्रिया सरन, जो इस समय दुबई में हैं, को डिजिटल आर्ट म्यूजियम में अपने समय का आनंद लेते देखा गया। श्रिया ने इंस्टाग्राम कहानियों पर एक विशाल डिजिटल कला संग्रहालय, इन्फिनिटी डेस लुमिएरेस में अपनी सैर के कई वीडियो साझा किए। पहली क्लिप में, अभिनेत्री फर्श पर बैठी और कला की प्रशंसा करती हुई दिखाई देती है, फिर वह नृत्य करना शुरू कर देती है और कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराती है। दूसरे वीडियो में उन्हें संग्रहालय में चक्कर की तरह भारतीय शास्त्रीय नृत्य करते हुए दिखाया गया है। तीसरे वीडियो में श्रिया बैले में हाथ आजमाती नजर आ रही हैं. आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कला को प्रस्तुत करने में मदद करने और सांस्कृतिक क्षेत्र में हो रही डिजिटल क्रांति में सक्रिय भूमिका निभाने के उद्देश्य से इन्फिनिटी डेस लुमिएरेस की स्थापना की गई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रिया मिहिर देसाई और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित ड्रामा सीरीज शोटाइम में नजर आएंगी। यह 8 मार्च को रिलीज होगी.सीरीज़ बॉलीवुड, प्रोडक्शन हाउस और वे कैसे काम करते हैं, इसके बारे में बात करती है।

CMYK

# ईडी की कार्यवाही शक के दायरे में

- » छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस ने उठाया सवाल
- » सुशील आनंद बोले कांग्रेस से बीजेपी में गए चिंतामणि को आखिर क्यों बख्शा जा रहा?
- » एसीबीको लिखे ईडी के पत्र में था नाम,अब किसने हटवाया



**रायपुर,04 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस ने बड़ा सवाल उठाया है। राजीव भवन कार्यालय में कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के दौरान ईडी सक्रिय थी। इस दौरान कई घोटालों के आरोप लगाए गए। 11 जनवरी 2024 को एसीबी को ईडी ने पत्र लिखा। कोल घोटाले मामले में लिखे पत्र में कई लोगों के नाम आए थे। ईडी के पत्र में 10वें नंबर पर कांग्रेस नेता चिंतामणी महाराज का नाम था, लेकिन एसीबी की एफआईआर में आज चिंतामणि महाराज का नाम नहीं है।

सुशील आनंद ने कहा, ऐसी क्या वजह रही होगी, जिससे चिंतामणि महाराज का नाम हटाया गया। विधानसभा चुनाव में चिंतामणि महराज का टिकट काट दिया गया था। इसके बाद वो भाजपा में शामिल हो गए। आज वो सरगुजा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी हैं। कांग्रेस से बीजेपी में गए चिंतामणि महाराज को आखिर क्यों बख्शा जा रहा है?ईडी की कार्रवाई पर प्रदेश कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए चिंतामणि महाराज से सवाल किया है। सुशील आनंद ने कहा, चिंतामणि महाराज बताए क्या उन्होंने विधायक रहते हुए पांच लाख का घोटाला किया था या ईडी उन पर राजनैतिक दबाव बनाने के लिए जांच में नाम डाल दिया था। प्रदेश कांग्रेस ने सीएम से भी सवाल किया है।

# विष्णुदेव साय बने मोदी परिवार का हिस्सा



**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोदी परिवार का हिस्सा बन गए हैं। साय ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नाम के साथ मोदी का परिवार लिखा है। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित प्रदेश संगठन के कई नेताओं ने भी अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर मोदी का परिवार लिखा लिया है। लोकसभा चुनाव का ऐलान भले ही न हुआ हो। लेकिन भाजपा पूरी तरह चुनावी मोड में आ गई है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा उत्तर प्रदेश में योगी सरकार में कई मंत्रियों ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर प्रोफाइल बदल ली है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अपनी प्रोफाइल में मोदी का परिवार लिखा, वहीं बीजेपी के विधायकों में शलभ मणि त्रिपाठी ने भी नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा है। सभी ने अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा, लिख लिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपने ट्विटर प्रोफाइल पर मोदी का परिवार लिख लिया है।

# तबादले पर भेजे गए अनेक अधिकारियों ने नए स्थान पर नहीं दी ज्वॉइनिंग

### जीएडी ने किया एकतरफा रिलीव, 24 घंटे का दिया समय

**रायपुर,04 मार्च 2024 (ए)।** प्रदेश में पिछले सप्ताह तीन अलग-अलग आदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा के 100 से ज्यादा अधिकारियों के तबादले किये गये थे। इनमें से कई ने आदेश की अवहेलना करते हुए नए स्थान पर अब तक ज्वॉइनिंग नहीं दी है। इस पर नाराजगी जताते हुए




व्रष्ठ ने सभी को एकतरफा रिलीव करते हुए तत्काल ज्वाइन करने को कहा है। तबादला किये गये अधिकारियों में जनपद सीईओ, जिला पंचायत सीईओ, संयुक्त कलेक्टर, अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी थे।

### निर्वाचन आयोग के निर्देश की अवहेलना

सामान्य प्रशासन विभाग व्रष्ठ ने अपने आदेश में लिखा है कि स्थानांतरण के बाद बहुत से अधिकारी नये पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए रिलीव नहीं हुए है। यह निर्वाचन आयोग के निर्देश की अवहेलना कहा है। राज्य सरकार ने सभी राज्य प्रशासनिक सेवा के अपसरों को वर्तमान पदस्थापना से नवीन पदास्थापना में कार्यभार लेने के लिए 4 मार्च को अपराह्न एकपक्षीय कार्यमुक्त कर दिया है। सभी तबादला हुए अधिकारियों को 5 मार्च तक नये पदस्थापना स्थल पर ज्वाइन करने को कहा गया है। इस तरह शासन ने सभी अधिकारीयों को केवल 24 घंटे का ही समय दिया है।

### ज्वाइनिंग तक नहीं मिलेगा लाभ

जीएडी ने कहा कि है कि स्थानांतरित अधिकारियों को पदग्रहणकाल का लाभ नयी पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग के बाद ही दिया जायेगा। जो भी अधिकारी भारमुक्त होकर पदस्थापना स्थल पर कार्यभार नहीं करते हैं, तो ये शासन के आदेश की अवहेलना कही जायेगी।

# राज्य सरकार के खिलाफ दुर्ग में किसानों का प्रदर्शन 6 को



**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** गैस पाईपलाइन और एचटी बिजली टावर प्रभावित किसान, सब्जी उत्पादक किसान भी प्रदर्शन में शामिल होंगे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतिम किश्त की राशि का भुगतान करने, इस साल 31 सौ रुपए के भाव से धान खरीदी के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान करने और सरकार को धान बेचने किसानों को दी जाने वाली प्रति एकड़ लाभ की राशि के बराबर आदान राशि अन्य सभी किसानों को समान रूप से प्रदान करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा बुधवार 6 मार्च को दोपहर 12 बजे दुर्ग में गांधी पुतला के पास प्रदर्शन किया जाएगा, गेल के गैस पाईपलाइन और एचटी बिजली टावर से प्रभावित किसानों के अलावा थोक सब्जी मंडी की व्यवस्था से पीड़ित किसान भी प्रदर्शन में शामिल होंगे।

# पूर्व एमएलए मंतूराम सहित कई कांग्रेस नेताओं का बीजेपी प्रवेश

## बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह समेत कांग्रेस और जेसीसीजे के नेता सोमवार को भाजपा में हो गए शामिल

**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बीजेपी जॉइन करने की होड़ मची हुई है। आज सोमवार को अंतागढ़ के पूर्व एमएलए मंतूराम पवार सहित कई कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी में प्रवेश कर लिया। बताते हैं कि कांग्रेसी सुबह से कॉल करते रहे। इनमें बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह भी शामिल हैं। वहीं के जेसीसीजे 200 से ज्यादा नेता भाजपा में शामिल हुए हैं।

आज सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह पार्टी में प्रवेश कराया है। बीजेपी की सदस्यता लेने वाले नेताओं का कहना है कि, भाजपा की विचारधारा और पीएम के कार्यों से प्रभावित होकर सदस्यता ली है।

बिलासपुर के बड़े इलाके में



राजनीतिक प्रभाव रखने वाले अरुण सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी। बताया जा रहा है कि भीतरी तौर पर कांग्रेस से अरुण का मनमुटाव चल ही रहा था। कांग्रेस के नेताओं को अरुण को रोकने के काम पर लगाया गया। सोमवार को अरुण को कई बड़े कांग्रेस नेताओं के फोन आते रहे। इसी तरह भाजपा में प्रवेश करने वाले मंतूराम दल बदल को लेकर मशहूर हैं।

मंतूराम पवार 1998 में अंतागढ़-नारायणपुर सीट जब एक हुआ करती थी, तब कांग्रेस के टिकट से चुनाव जीतकर आए थे। फिर उन्हें 2008 और 2013 में भाजपा प्रत्याशी विक्रम उसेंडी ने हराया था। विक्रम उसेंडी को लोकसभा का टिकट मिला तो उप चुनाव में कांग्रेस से मंतूराम को फिर प्रत्याशी बनाया। लेकिन, उन्होंने नाम वापसी के अंतिम दिन ही नाम वापस लेकर प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया था। 2023 में निर्दलीय चुनाव लड़ा।

# अरुण सिंह चौहान ने थामा बीजेपी का दामन




**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** बिलासपुर जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी इस्तीफा दे दिया है। वह कांग्रेस के समर्थन से जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस्तीफा देने के बाद अब उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर लिया है। बता दे कि बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर इस वक्त अरुण सिंह चौहान काबिज है। जिला पंचायत सदस्य व अध्यक्ष का निर्वाचन दलीय आधार पर नही होता पर अरुण सिंह चौहान कांग्रेस के समर्थन से पहले जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए फिर जिला पंचायत अध्यक्ष बने। वे विधानसभा चुनाव में कोटा विधानसभा से दावेदारी भी कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों से उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलें थीं। आज उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के समक्ष भाजपा प्रवेश कर लिया है। एन लोकसभा चुनाव से पहले यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है।

# शासन और हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहे डॉक्टर

**राजनांदगांव,04 मार्च 2024 (ए)।** राजनांदगांव शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में डॉक्टरों की कमी हैं। वहीं जो डॉक्टर हैं वह भी मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी छोड़ निजी प्रैक्टिस में समय दे रहे हैं। इसके कारण मरीजों को महंगे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। राज्य शासन और हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ यहां के डॉक्टर कार्य कर रहे हैं। नियम के मुताबिक किसी भी सरकारी डॉक्टर को निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करने की मनाही है, लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई



डॉक्टरों ने न केवल निजी ओपीडी कम अस्पताल खोल दिया है। बल्कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुमति भी नहीं ली गई है। जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमडी मेडिसिन डॉ. चेतन साहू पिछले कुछ समय से मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी बीच डॉ. साहू के वार्ड क्रं 45 के करीब एक निजी क्लीनिक का संचालन भी कर रहे हैं। क्लीनिक में न सिर्फ ओपीडी चलाई जा रही है, बल्कि पांच बिस्तरों का अस्पताल भी उपलब्ध है।

# ईडी ने छापामारी में छत्तीसगढ़ से बरामद किए 27 लाख नगद




**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में ईडी की लगातार कार्रवाई जारी है. हाल ही में छापेमार कार्रवाई में ईडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं. वहीं डिजिटल डिवाइस और महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत 27 लाख रुपए नगदी जब्त भी की है. बता दें कि ईडी ने एक मार्च को डीएमएफ घोटाला मामले में छापेमार कार्रवाई की थी। कांग्रेसी नेता, जनपद सीईओ, कारोबारी व ठेकेदारों के 13 ठिकानों पर दबिश दी थी। यह कार्रवाई कोरबा, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, जांजगीर और बालोद जिले में हुई थी. ईडी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस छापेमारी में 27 लाख रुपए नगदी बरामद किया गया है. इसके अलावा डिजिटल डिवाइस और महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

# शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने नए व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

**रायपुर,04 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार देने के हमारे वादे को पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। यह बात शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कही। उन्होंने इसी तारतम्य में व्याख्याता परीक्षा में सफल अनेक चयनित अभ्यर्थियों को सोमवार



को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक सीधी भर्ती 2023 अंतर्गत व्याख्याता पद के लिए विज्ञापन जारी किए गये थे। मंत्री श्री अग्रवाल ने 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। पहले ही सरकार करीब 33 हजार नए शिक्षकों की भर्ती के लिए विभाग को निर्देशित कर चुकी है। नए शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। यह शिक्षकों के लिए भी एक अच्छा अवसर है। वे अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं। शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों की भूमिका छात्रों के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नव नियुक्त व्याख्याताओं से कहा कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा से पालन करें। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने यह भी कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। श्री अग्रवाल ने सभी नव नियुक्त व्याख्याताओं को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्र समेत शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र हासिल करने के बाद व्याख्याताओं और उनके परिजनों में काफी खुशी देखने को मिली।

# बागेश्वर बाबा अफ्रीकन डांस करते नजर आए

## मंच पर कलाकारों के साथ जमकर किया नृत्य

**छतरपुर,04 मार्च 2024(ए)।** बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वे गुजरात से आए कलाकारों के साथ अफ्रीकन शैली में नृत्य करते दिखाई दे रहे हैं। बागेश्वर बाबा मंच पर कलाकारों के साथ जमकर थिरकते नजर आए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।छतरपुर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में इन दिनों बुंदेलखंड महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। इस दौरान गुजरात से आए कलाकारों ने अफ्रीकन शैली में राधे राधे गीत की धुन पर नृत्य किया। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र



शास्त्री अपने आप को रोक नहीं पाए और मंच पर कलाकारों के साथ जमकर नृत्य करते नजर आए।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री के डांस के इस अंदाज का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि बागेश्वर धाम के बुंदेलखंड महाकुंभ में 8 मार्च को 151 निर्धन कन्याओं का विवाह किया जाएगा। जिन्हें बागेश्वर बाबा आशीर्वाद देंगे।

# शंकराचार्य ने छत्तीसगढ़ की प्रशंसा की

**रायपुर,04 मार्च 2024(ए)।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती राजिम में आयोजित संत समागम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे हुए है। आज राजधानी रायपुर के बोरियाकला स्थित श्री शंकराचार्य आश्रम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने राजिम कुंभ कल्प और गौ हत्या के मुद्दे पर पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आज भी धर्म भूमि हैं, इसलिए उन्हें यहां आना काफी अच्छा लगता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजिम में आयोजित होने वाले मेले को कुंभ कल्प का दर्जा दिए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि जो सरकारें होती हैं वह अपनी व्यवस्था करती है। शंकराचार्यो के कहने पर ही कुंभ कल्प शब्द का प्रयोग हुआ है। दोनों ही सरकारें प्रदेश



की पहचान ही स्थापित करना चाहती हैं। इस दौरान श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने गौ हत्या को लेकर चिंता जाहिर की।. श्री अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि गौ हत्या और गौ तस्करी रोकने की लगातार मांग उठ रही है, गौ हत्या बंद हो इसके लिए निर्णायक लड़ाई लड़ने आने वाले 10 मार्च को 10 मिनट के लिए बंद और 14 मार्च से गोवर्धन गिरी की परिक्रमा कर दिल्ली संसद तक पैदल मार्च करेंगे।

# आप नेता ने विहिप के संयोजक को मारी गोली



**रायगढ़,04 मार्च 2024(ए)।** रायगढ़ के खरसिया इलाके में आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल ने विश्व हिन्दू परिषद नेता को गोली मार दी है। आरोपी नेता ने वीएचपी के प्रकंड संयोजक गोपाल गिरी के सीने में तीन गोलियां मारी हैं। घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर दिया गया है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद से फरार हो गया है। आरोपी अमर अग्रवाल फायरिंग के बाद से ही फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। आरोपी अमर अग्रवाल राजकुमार कॉलेज का पूर्व छात्र बताया जा रहा है।

### खरसिया गोलीकांड मामले में 10 घंटे में आप नेता अमर अग्रवाल गिरफ्तार



उल्लेखनीय है कि खरसिया में आपसी विवाद को लेकर आरोपी आम आदमी पार्टी नेता अमर अग्रवाल द्वारा एयर गन से संजय नगर निवासी गोपालगिरी पर हमला किया गया जिससे उसके सर के पीछे चोट आई। आहत को रायगढ़ रेफर किया गया है जिसकी स्थिति अभी सामान्य है। मामले का संज्ञान लेते हुए अपराध क्रमांक 134/24 धारा 294, 307, 506 IPC, 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले में विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासजी प्रारंभ किया गया। जाँच क्रम में मालूम हुआ की आरोपी दिल्ली भागने का प्लान बना रहा है। मामले में रायगढ़ पुलिस एवं रायपुर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी को रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)